आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 1 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-184 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 02 अक्टूबर 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### पीएम मोदी का जगदलपुर दौरा 3 को

**रायपुर,1 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जगदलपुर दौरा का मिनट टू मिनट कार्यक्रम आ गया है। पीएम मोदी 3 अक्टूबर को जगदलपुर आ रहे हैं। पीएम दिल्ली से सीधे जगदलपुर आएंगे। लगभग 2 घंटें वहां रुकने के बाद कर्नाटक रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मोदी का विशेष विमान 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजकर 35 मिनट पर दिल्ली से उड़ान भरेगा। सेना का यह विशेष विमान सुबह लगभग 10 बजकर 55 मिनट पर जगदलपुर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। जगदलपुर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री मोदी लाल बाग पहुंचेंगे। वहां सरकारी कार्यक्रम होगा, जो लगभग 35 मिनट तक चलेगा। 11 बजकर 35 मिनट पर प्रधानमंत्री लाल बाग से रवाना होंगे और पौने 12 बजे सभा स्थल पर पहुंचेंगे। मोदी की सभा दोपहर 12 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी और इसके बाद वे कर्नाटक के लिए उड़ जाएंगे।

### योगी करेंगे छग में चुनाव प्रचार

**लखनऊ,1 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगे. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वहां बस्तर और सरगुजा में चुनावी सभाएं करेंगे. सीएम योगी यहां भाजपा उम्मीदवारों के लिए लोगों से वोट की अपील करेंगे. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के आदिवासी वोटरों को साधने के लिए पांच सभाएं कराई जाएंगी. क्योंकि भाजपा का मानना है कि नाथ परंपरा के मानने वाले आदिवासी बड़ी संख्या में इन दोनों क्षेत्रों में रहते हैं. योगी आदित्यनाथ गोरखपुर मठ के महंत भी है. ऐसे में योगी आदित्यनाथ के जरिए आदिवासियों को साधने के लिए भाजपा ने प्लान बनाया है, हालांकि सभा कब कराई जाएगी, इसकी तारीख अभी तय नहीं की है. बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. राज्य में बीजेपी परिवर्तन यात्रा के बाद अब राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता राज्य का दौरा कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करेंगे. पीएम मोदी राज्य में कई सभाएं कर चुके हैं. गृहमंत्री अमित शाह भी लगातार दौरे कर रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ छत्तीसगढ़ में 5 से 6 रैलियां कर सकते हैं.

### युवकों ने तलवार लहराकर की गुंडागर्दी, महिला का फोड़ा सिर

**महासमुंद,1 अक्टूबर।** नयापारा वार्ड नंबर 11 में करीब 15-17 युवकों ने तलवार लहराकर गुंडागर्दी करते हुए मोहल्ले के युवाओं के साथ मारपीट की. इस मारपीट के दौरान एक महिला के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है. वहीं इस मामले में घायल महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. महासमुंद से दलदली रोड स्थित नयापारा के वार्ड क्रमांक 11 में शनिवार की शाम विक्की ठाकुर, सन्नी ठाकुर, राजा ठाकुर सहित करीब 15-17 युवकों ने हाथों में तलवार लहराते हुए मोहल्ले के युवकों के साथ मारपीट की. युवकों के साथ मारपीट होता देख बीच बचाव करने पहुंची ऊषा के सिर पर चोट आई, जिससे महिला बुरी तरह लहूलुहान हो गई, जिसे तत्काल एंबुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया.




**नई दिल्ली,1 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरे देशभर में स्वच्छांजलि कार्यक्रम के तहत लोगों ने श्रमदान किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में अपने श्रमदान का वीडियो शेयर किया है, जिसमें सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर अंकित बैयनपुरिया भी उनके साथ नजर आ रहे हैं. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स (ट्विटर) पर श्रमदान का यह वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'आज देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है.




**रायपुर,1 अक्टूबर।** महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पूर्व आज देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आज झाड़ू थाम कर सफाई की। जबकि राजधानी रायपुर में सफाई का हाल यह तस्वीर बयां कर रही है। आज बीती रात गणेश विसर्जन झांकी तथा इससे पूर्व मिलादुन्नबी के जुलूस के बाद राजधानी के मुख्य सड़कें कचरों से पट गई है।

## टूडो राज में कनाडा बना हिंदुओं के लिए नरक

**नई दिल्ली,1 अक्टूबर।** कनाडा में पीएम जस्टिन टूडो के रवैये की वजह से यहां हिंदुओं के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। टूडो की सरकार खालिस्तानियों का खुलकर समर्थन करती है। वहीं खालिस्तानी आतंकी हिंदुओं को धमकी देते रहते हैं।



इसके अलावा वे आए दिन मंदिरों में हमले करके तोड़फोड़ करते हैं। निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में तनाव के बीच खालिस्तानियों ने हिंदुओं को देश छोड़ने तक की धमकी दे दी। हालांकि कनाडा सरकार ने सफाई देते हुए कहा कि इस तरह की धमकियां घृणा फैलाने वाली हैं।

कनाडा में रहने वाले भारतीयों के हित के लिए भारतीय खुफिया एजेंसियां भी सतर्क हैं। हाल ही में हुई बैठक में कनाडा में बढ़ते चरमपंथ और हिंदू समुदाय के लिए खड़ी हो रही चुनौतियों को लेकर चर्चा की गई। बीते 5-6 साल में किस तरह के कनाडा का माहौल बिगड़ा है और यहां हिंदुओं के लिए खतरा बढ़ गया है, आइए इसपर नजर डालते हैं। अगर आंकड़ों की बात करें तो 2016 से 2021 के बीच कनाडा में बसने वालों में 18 फीसदी की आबादी भारतीयों की है। वहीं कनाडा की कुल आबादी में 2.1 प्रतिशत सिख और 2.3 फीसदी हिंदू हैं। हाल ही में जब कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए बेबुनियाद आरोप भारत पर लगाए तो वहां दो समुदायों के बीच भी तनाव बढ़ गया। हालांकि जस्टिन टूडो के इन आरोपों को राजनीतिक फायदा तलाशने का एक कदम माना जा रहा है।

सिख फॉर जस्टिस आतंकी संगठन के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नून ने हाल ही में कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को खुली धमकी दी और कहा कि वे भारत लौट जाएं। उसने सोशल मीडिया पर भी वीडियो पोस्ट किया। उसका कहा है कि भारतीय मूल के हिंदू कनाडा के संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। उसने कहा कि हिंदू कभी कनाडा के प्रति निष्ठावान नहीं रहे हैं। इसके बाद टूडो के ही पार्टी के सांसद चंद्रा आर्या ने आवाज उठाई और कहा कि कनाडा में रहने वाले बहुत सारे हिंदू डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी हिंदू-कनाडाइयों और सिखों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

### राज्यपाल हरिचंदन स्वच्छता पखवाड़ा में शामिल हुए

**रायपुर, 1 अक्टूबर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज यहां 01 अक्टूबर से प्रारंभ हुए स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लिया। इस अभियान में रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) के विद्यार्थियों ने भी उत्साह से भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की और जनप्रतिनिधियों सहित आम जनता से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता पर अत्यधिक जोर देते थे। वे स्वच्छता को सेवा मानते थे। श्री राज्यपाल ने विद्यार्थियों से न केवल पूरे पखवाड़े में बल्कि हमेशा अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। प्रधानमंत्री जी की अपील का पूरे देश में प्रभावी असर हुआ है और लोग स्वस्फूर्त होकर हर वर्ष स्वच्छता अभियान में शामिल होते हैं।

## नगरनार की जमीन आदिवासियों-किसानों की : सीएम

**रायपुर 1 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नगरनार की जमीन बस्तर के आदिवासियों और किसानों की जमीन है। प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करने आ रहे हैं। विधनासभा में शासकीय संकल्प सर्वसम्मति से पारित हुआ कि ये निजी हाथों में न बिके। इसे राज्य सरकार को दे दिया जाए, इसे राज्य सरकार चलाएगी, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे नहीं माना। बिक्री के लिए ऐसा क्लाउज डाल दिया कि उसे राज्य सरकार ले ही नहीं सके।

बस्तर के लोग आज इससे आक्रोशित है। भारत सरकार नहीं चाहती कि वहां स्थानीय को नौकरी और आरक्षण का लाभ मिले। जानकारी ये है कि कुछ कम्पनियां परीक्षण के लिए वहां आई है। जानकारी के मुताबिक टाटा, वेदांता, जिंदल और अडानी जैसी कंपनियां खरीदने आ रही है। लेकिन ये निजी हाथों में नहीं बिकेगा. क्योंकि यहां की जमीन वहां की जनता को दी गई है। जगदलपुर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल नहीं है, इसलिए वहां एम्स खुलना चाहिये जगदलपुर से दिल्ली और जबलपुर की उड़ान चालू करे, ज्योदिरादित्य सिंधिया आ रहे हैं तो, हम एक करोड़ की क्षतिपूर्ति देने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता 2024 में हराये इन्हें, तब निजीकरण नहीं होगा। प्रधानमंत्री पहले भी कई गैरन्टी दिए. प्रधानमंत्री आते हैं और जुमलेबाजी कर के जाते हैं। कोयले की पेनाल्टी 4100 करोड़ रुपये केंद्र सरकार के पास बाकी है। चावल का 6 हजार करोड़ रुपया बचा है, नई पेंशन स्कीम का 17 हजार करोड़ रुपया बचा है। कुल करीब 37 हजार करोड़ रुपये हमें देते, जिसे रोक कर रखा है।

3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी बस्तर आ रहे हैं,इस दौरान बस्तर में पीएम मोदी का स्वागत बंद से होगा। कांग्रेस ने नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण की मंशा के मद्देनजर बस्तर में विरोध की तैयारी शुरू की है। कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस बात का ऐलान किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नगरनार संयंत्र का केंद्र सरकार निजीकरण की तैयारी कर रही है। इसका विरोध किया जायेगा। 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी बस्तर आ रहे हैं, इस दौरान संपूर्ण बस्तर बंद रहेगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केंद्र सरकार नगरनार संयंत्र का निजीकरण करने जा रही है. बस्तर वासियों के भावनाओं के खिलाफ है। हम नगरनार संयंत्र के निजीकरण का विरोध करते हैं। 3 अक्टूबर को पूरा बस्तर बंद किया जाएगा। चहेते उद्योगपतियों को केंद्र सरकार नगरनार प्लांट बेचना चाह रही है।

## पैर पर गरम चाय गिरी,युवक की हत्या

**भिलाई,1 अक्टूबर।** पुलगांव थाना क्षेत्र पैर में गरम चाय गिरने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की हत्या हो गई यह घटना बीती रात को शिवनाथ नदी छोटे पुल पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई है यहां पर भिलाई और दुर्ग के अलग अलग गणेशोत्सव समिति के सदस्यों के बीच जमकर मारपीट हुई मृतक राहुल साहू ( 20 वर्ष ) ग्रीन चौक दुर्ग का निवासी है पुलिस हत्या के आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है पुलगांव टीआई तपेश्वर नेताम ने बताया कि हत्या की वारदात बीती रात एक से देढ़ बजे के बीच की है शिवनाथ नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए भिलाई और दुर्ग के अनेक समिति के लोग पहुंचे थे। इनमें ग्रीन चौक दुर्ग और केम्प वन भिलाई की गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल थे प्रतिमाओं के ज्यादा हो जाने से बारी बारी में विसर्जन करवा जा रहा था इसी दौरान ग्रीन चौक गणेशोत्सव समिति के सदस्य चाय पीने चले गए राहुल साहू अपने दोस्तों के साथ चाय का कप उठा रहा था तभी गरम चाय छलक कर सामने खड़े केम्प वन भिलाई से प्रतिमा विसर्जन के लिए आए एक युवक के पैर में गिर गया। इस बात पर युवक का राहुल साहू से विवाद शुरू हो गया। फिर दोनों ही समितियों के सदस्य आपस में लड़ने लगे। इसी दौरान राहुल साहू पर किसी ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल राहुल साहू को पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो जाने की पुष्टि कर दी गई की जा रही आरोपियों की पहचान दो गुटों के बीच संघर्ष में एक युवक की हत्या में शामिल आरोपियों की पहचान फिलहाल पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण बन गई है।





## डीजे की धुन पर थिरके मंत्री जी

**सुकमा,1 अक्टूबर।** जिले में गणपति विसर्जन के दौरान मंत्री कवासी लखमा जमकर थिरकते नजर आए. जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. लोगों को मंत्री लखमा का ये अंदाज काफी पसंद आ रहा है. पुसपाल इलाके में गणेश विसर्जन के दौरान डीजे की धुन पर बच्चो संग डांस करते नजर आए. साथ ही उनके साथ कई लोग नाचते नजर आ रहे हैं. हालांकि, इससे पहले भी कई दफा कवासी लखमा के डांस का वीडियो देखने को मिला है. जो लोगों को काफी पसंद भी आता है.

## आरक्षण के नाम पर महिलाओं को ठगने का किया काम:डिसूज़ा

**रायपुर,1 अक्टूबर।** महिला कांग्रेस प्रमुख नेटा डिसूजा ने भाजपा और मोदी सरकार को कई मुद्दे पर घेरा है. साथ ही कांग्रेस की सरकार बनने का भी दावा किया है. उनका कहना है कि, लोगों की खुशहाली के लिए कांग्रेस की सरकार बनेगी. ग्राउंड रिपोर्ट बता रही है कि, लोग कांग्रेस से खुश हैं. आगे नेटा डिसूजा ने महिला आरक्षण पर कहा, सवाल खड़े हो रहे है और खड़े होने चाहिए. मोदी सरकार ने महिलाओं को ठगने का काम किया है. साढ़े 9 वर्षों में महंगाई, बेरोजगारी से लेकर बढ़ते अपराधों से महिला परेशान है. नए संसद में महिलाओं को रुझाने के लिए महिलाओं को ठगने का काम किया है. 2034 में यह रिजर्वेशन लागू होगा. सहीं में करना था तो तुरंत कर सकते थे. जब नोटबंदी करनी थी या आर्टिकल पास करना था तब समझ नहीं आया कि, वहां रिजर्वेशन रखना चाहिए था. महिला रिजर्वेशन बिल से आक्रोश महिलाओं में बहुत ज्यादा है. इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तब 33% महिला रिजर्वेशन तुरंत लागू होगा. नेटा डिसूजा ने आगे कहा, कांग्रेस ने देश में महिला राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए काम किया है. 15 लाख के करीब महिलाएं लोकल बॉडी इलेक्शन में चुनाव लड़कर क्यों आई है, यह राजीव गांधी जी की सोच थी. जिन्होंने 33% रिजर्वेशन महिलाओं के लिए रखा. किस बात का सेंसस है, मोदी सरकार से पूछना चाहते है. 2011 में जो सेंसस हुआ, उसके बलबूते पर रिजर्वेशन क्यों नहीं दे रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी के सरकार बनने के लिए पीएससी के दोषियों पर कार्रवाई होगी वाले बयान पर महिला कांग्रेस प्रमुख नेटा डिसूजा ने कहा, पीएम फंड की जांच पहले होनी चाहिए. किसको पैसा कैसे गया है और कहा गया है, कैसे गया है अडानी घोटाले पर क्यों चुप हैं.

# भगवान शिव की झलक होगी वाराणसी क्रिकेट स्टेडियम में

**लखनऊ,1 अक्टूबर।** वाराणसी संसार के प्राचीनतम बसे शहरों में से एक है। भारत का प्राचीनतम बसा शहर वाराणसी, उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध नगर है। वाराणसी को बनारस और काशी भी कहा जाता है। वाराणसी का हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह सर्वाधिक पवित्र नगरों में से एक है। वाराणसी सिर्फ हिंदू धर्म ही नहीं बल्कि बौद्ध और जैन धर्म में भी बेहद पवित्र शहर माना जाता है। वाराणसी अपनी संस्कृति गंगा नदी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और अपने धार्मिक महत्व के लिए हिंदू भक्तों में बेहद प्रचलित है। उत्तर भारत का धार्मिक केंद्र वाराणसी रहा है जिसे मंदिरों का शहर, भारत की धार्मिक राजधानी, भगवान शिव की नगरी, दीपों का शहर, ज्ञान नगरी जैसे कई नाम से संबोधित किया जाता है।

यही वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से ही सांसद है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी की यात्रा पर थे। इस यात्रा के दौरान हर हर महादेव के उद्घोष के साथ उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने बनारस के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास भी किया। इसके अलावा उन्होंने उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने वाराणसी के गंजारी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया है। इस स्टेडियम को बनाने में लगभग 450 करोड रुपए की लागत आएगी। माना जा रहा है कि वाराणसी के गंजारी में 31 एकड़ की जमीन पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस स्टेडियम में मैच देखने आने वाले दर्शकों के लिए पार्किंग की खास व्यवस्था की गई है। शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह स्टेडियम स्वयं महादेव को समर्पित है।

उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम की बनावट में छत से लेकर फ्लड लाइट्स और पवेलियन तक हर जगह काशी शहर और महादेव से जुड़ी चीजों की झलक फैंस को दिखाई देगी। आपको बता दें कि वाराणसी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में फ्लड लाइट्स से लेकर इंटीरियर तक



में भगवान शिव से जुड़ी चीजों को दर्शाया जाएगा। इसके तहत स्टेडियम की फ्लड लाइट्स की बनावट त्रिशूल की तरह से होगी। भगवान शिव की जटाओं में विराजमान चंद्रमा का भी इस स्टेडियम में खास योगदान होगा। दरअसल इस स्टेडियम की छत के चारों तरफ एक जैसी नहीं होगी बल्कि छत को अर्ध चंद्र के आकार पर बनाया जाएगा।

इस अर्धचंद्र आकर के कारण शाम के समय मैदान का नजारा बेहद मनोरम होगा। बता दें कि यह स्टेडियम लार्सन ऐंड टुब्रो कंपनी द्वारा निर्मित किया जा रहा है। अगले 30 महीना में इस स्टेडियम का काम पूरा होने की उम्मीद है यानी की कंपनी 30 महीने में दिसंबर 2025 तक इस स्टेडियम का निर्माण पूरा कर सौंपेगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के कानपुर और लखनऊ में पहले से अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम है। कानपुर में ग्रीन पार्क और लखनऊ में अटल बिहारी वाजपई इकाना स्टेडियम है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैच खेले जाते हैं। इन दोनों स्टेडियम के बाद वाराणसी तीसरा शहर होगा जहां क्रिकेट स्टेडियम उपलब्ध होगा।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार से इस स्टेडियम का निर्माण करने के लिए लगभग 31 एकड़ जमीन पहले से ही प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में इस स्टेडियम के लिए जमीन को समतलीकरण करने का काम किया जा रहा है। वही एलएनटी स्टेडियम के डिजाइन पर भी काम कर रही है। बता दें कि स्टेडियम में दर्शकों के क्षमता 30000 होगी। एलएनटी इस स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक बनाएगा। ये स्टेडियम बेहद खास होने वाला है क्योंकि अत्याधुनिक सुविधाओं वाला राज्य का ये पहला स्टेडियम होने वाला है। उत्तर प्रदेश का ये पहला स्टेडियम होगा जिसका संचालन बीसीसीआई करेगी। बता दें कि काशी में शुरू होने वाले इस नए स्टेडियम से सिर्फ उत्तर प्रदेश के युवाओं को खेल से संबंधित नए मौके मिलेंगे बल्कि पूर्वांचल से सटे हुए बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे पड़ोसी राज्यों के युवा खिलाड़ियों को भी अपना खेल निखारने का स्टेडियम बेहतरीन और शानदार मौका देगा।

### ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, 2 सगे भाइयों की मौत

**कोरबा ,1 अक्टूबर।** जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बोलेरो को टक्कर मार दी. हादसा इतना भयानक था कि, वाहन के परखच्चे उड़ गए. घटना में बोलेरो सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है. बता दें कि, ये हादसा कटघोरा अम्बिकापुर नेशनल हाइवे-130 में हुआ है. जहां बेरतरतीब तरीके से दौड़ रही ट्रेलर ने चार पहिया वाहन को टक्कर मार दी. हादसे में 2 सगे भाइयों की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर दोनों की लाश को बाहर निकाला. जानकारी के अनुसार, दोनों भाई जनकपुर के भरतपुर से बिलासपुर अपने पिता को लेने जा रहे थे.

# बूथ के कार्यकर्ता ही जिताएंगें विधानसभा चुनाव :तारकिशोर प्रसाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 अक्टूबर।** परिवर्तन यात्राओं के माध्यम से आम लोगों तक पहुंच रही भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन की मजबूती पर भी उतना ही ध्यान दे रही है. और इस कड़ी में पार्टी ने बिहार राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा कटिहार से विधायक तार किशोर प्रसाद को कवर्धा जिले की चुनावी कमान सौंपी है. अपने पहले प्रवास में कवर्धा पहुंचे श्री प्रसाद ने जिले के पदाधिकारियों से परिचयात्मक बैठक कर जिले की राजनैतिक परिस्थितियों को भी समझा. इससे पहले जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया.

बैठक में अपनी बात रखते हुए तार किशोर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि किसी भी चुनाव की जीत का प्रमुख कारक पार्टी के विचार और उसके कार्यकर्ता होते हैं. भारतीय जनता पार्टी तो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे कार्यकर्ता हर बूथ में मौजूद हैं. आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत भी बूथ के यही कार्यकर्ता तय करने वाले हैं. उन्होंने जिले की दोनों विधानसभाओं में चुनावी जीत के दृष्टिकोण से प्रमुख विषयों पर कार्यकर्ताओं के विचार जाने. श्री प्रसाद ने साथ ही प्रदेश के प्रमुख चुनावी मुद्दों भ्रष्टाचार, पीएससी घोटाला, गोबर घोटाला, प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, गौठानों में घोटाला और बेरोजगारी जैसे विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने आने वाले समय में विधानसभा स्तर पर होने वाले बड़े प्रदर्शनों की जानकारी भी दी.। इससे पहले जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने अपने उद्बोधन में उनका स्वागत करते हुए बताया कि कटिहार के चार बार के विधायक और बिहार राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद सिन्हा को पार्टी ने कवर्धा जिले का प्रभारी बनाया है और हम सबको आगामी विधानसभा चुनावों में उनके सुदीर्घ राजनैतिक अनुभवों का लाभ मिलेगा..। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, पूर्व उपाध्यक्ष मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार भट्ट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, ,जिला महामंत्री संतोष पटेल , क्रांति गुप्ता , राजेंद्र चंद्रवंशी , कैलाश चंद्रवंशी , सुरेश दुबे,रूपेश जैन ,सीताराम साहू,मोर्चों के जिलाध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, हेमंत ठाकुर, सुनील दोषी, मनीराम साहू, भुनेश्वर चंद्राकर, भावना बोहरा, रामकृष्ण साहू,पियूष सिंह, पन्ना चंद्रवंशी, सनत साहू, संजय निषाद, सचिन गुप्ता, रामचरण साहू, अरविंद वर्मा, तुकेश चंद्रवंशी, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित जिले के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में निकालेगी भरोसा यात्र

**उतई, 1 अक्टूबर।** 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी आदेशानुसार प्रदेशभर में भरोसा यात्रा निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आयोजित भरोसा यात्रा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में प्रदेश के गृहमंत्री एवं स्थानीय विधायक ताम्रध्वज साहू के नेतृत्व में ग्राम नगपुरा में प्रातः 10 बजे से भरोशा यात्रा निकलेगी इस संबध में जोन/सेक्टर/बुथ प्रभारी की बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी को इस यात्रा के तहत प्रभारी नियुक्त किया गया। इस यात्रा के दौरान भरोशा यात्रा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत किए गए जनकल्याणकारी विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाएगी। वहीं भाजपा सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़वासियों के साथ किये गये छल से आमजनता को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम, यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभा एवं मोटर साइकिल रैली करते हुए आमसभा के रूप में समापन किया जाना है।गौरतलब हो कि कांग्रेस शासन काल मे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र मे विगत 5 वर्ष मे 4 हजार करोड़ से भी अधिक लागत से विभिन्न विकास कार्य हुए है जिसमें योजना बद्ध ढंग से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण के साथ सड़क, पुल, पुलिया व स्टापडेम सहित विभिन्न अधो संरचना का कार्य हुआ है। जो अपने आप में एक अलग उपलब्धि है। इन्हीं उपलब्धि के साथ शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं आमजन सम्मिलित होगें। यात्रा नगपुरा से प्रारंभ होकर अंजोरा ख, निकुम, अंडा, मंचादुर, उतई, उमरपोटी, नेवई, मरोदा, रूआबांधा, बाजार चौक दशहरा मैदान रिसाली में शाम 4 बजे समाप्त होगी जहां आम सभा का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू,चुनाव प्रभारी दुर्ग ग्रामीण एवं संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस प्रभारी- झुमुक लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि केशव बंटी हरमुख, भरोसा यात्रा प्रभारी टिकेश्वरी लाल देशमुख, जोन प्रभारी रिवेन्द्र यादव, जिला कांग्रेस सचिव प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत, दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, कृषि उपज मंडी सदस्य तारकेश्वर चंद्राकार सहित दुर्ग ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस के जोन, सेक्टर, बुथ एवं क्षेत्रीय यात्रा प्रभारी मौजुद थे।

**एक नजर**

### बार एवं रॉड मिल एवं मर्चेंट मिल विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम



**भिलाई, 1 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान बार एवं रॉड मिल मिल विभाग में, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक एस के बेहरा तथा मर्चेन्ट मिल विभाग में, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक एस के हरिमनी के नेतृत्व में 29 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान के पूर्व, बार एवं रॉड मिल में एस के बेहरा द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। मर्चेन्ट मिल विभाग में एस के हरिमनी ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता ही सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में, मर्चेन्ट मिल विभाग के अनुभाग प्रमुख महाप्रबंधक एस के नायक, महाप्रबंधक पी एस कोरेटी, महाप्रबंधक नागेन्द्र कुमार एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। बार एवं रॉड मिल विभाग के सभी अनुभाग प्रमुख, महाप्रबंधक के के ठाकुर, महाप्रबंधक एस एन त्रिपाठी, महाप्रबंधक आशीष एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रबंधक श्रीमति समायला अंसारी, राजेश कुमार पाण्डेय एवं जितेन्द्र कुमार सोनी की सहभागिता एवं योगदान सराहनीय रही।

### शासकीय प्राथमिक शाला से 20 पंखों की चोरी

**भिलाई, 1 अक्टूबर।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत अज्ञात चोर शासकीय प्राथमिक शाला की दरवाजे की कुंड़ी तोड़कर कुल 20 पंखे चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि स्कूल के प्रधान अध्यापक शिवा सागर (56वर्ष) ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाला के अतिरिक्त कक्षा के 4 पंखे दरवाजा का कुंडी काटकर चोरी कर लिए गए हैं। इसी प्रकार की घटना पूर्व में भी 16 पंखा काटकर अज्ञात चोर ले गए हैं इसकी भी शिकायत थाना प्रभारी से की जा चुकी थी प्रधानाध्यापक ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला सोमनी में चोरी की घटना बार-बार असामाजिक तत्वों के द्वारा की जा रही है पुलिस स्कूल की की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करे तो चोरियों पर विराम लगेगा क्योंकि पहली बार चोरी के बाद फिर से चोरी हो जाना आरोपियों के बुलंद हौसले का प्रमाण है उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में कुल 20 पंखा चोरी हो गया है।

### खड़ी गाड़ी में आग लगाकर फरार हुए बदमाश

**भिलाई, 1 अक्टूबर।** भिलाईनगर थाना क्षेत्र गत रात अज्ञात तत्व ने खड़ी गाड़ी में आग लगाकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 06 सड़क 13 निवासी व्ही.हरिशंकर (30 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात 8.30 बजे अपनी वाहन को सेक्टर 6 सी मार्केट के पास खड़ी करके लॉक करके अपने दोस्तों के साथ सेक्टर 01 गणेश पंडाल चला गया था। 27 सितंबर की रात 1 बजे प्रार्थी को फोन आया कि उसके गाड़ी में आग लग गयी है। तब प्रार्थी सेक्टर 06 सी मार्केट आकर देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोटर साइकिल मे आग लगाकर मुझे नुकसान पहुंचाया है।

### लोकनिर्माण विभाग आफिस में दिखी बेहतर स्वच्छता



**कवर्धा, 1 अक्टूबर।** लोकनिर्माण विभाग कवर्धा में तरुण छत्तीसगढ़ ने स्वच्छता अभियान का जायजा लिया तो बेहतर स्वच्छता आफिस में दिखी । स्वच्छता अभियान पर एसडीओ एल पी परगनिहा ने कहा की स्वच्छता से मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता है और सभी व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए ।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई





भिलाई, 1 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 66 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हुए। सितम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए इन कार्मिकों में 06 कार्यपालक एवं 60 गैर कार्यपालक शामिल हैं। निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित, कार्यपालकों के विदाई समारोह में विशेष रूप से उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुए अधिकारियों के अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बेहतरीन कार्य हेतु विशिष्ट व उत्कृष्ट योगदान की सराहना की तथा इनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी भी उपस्थित थीं। संयंत्र के गैर कार्यपालक हेतु विदाई समारोह का आयोजन भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में 30 सितम्बर को किया गया। भिलाई निवास के इस सेवानिवृत्ति समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें) डॉ राजीव कुमार पाल, महाप्रबंधक सूरज सोनी एवं उपाध्यक्ष कैलाश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कवर्धा जनपद अध्यक्ष इंद्राणी ने हरीतिमा टीम को पर्यावरण वाहन की सौगात दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा, 1 अक्टूबर।** नगर में हरियाली के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था हरीतिमा टीम को इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी द्वारा हरीतिमा इलेक्टिक वाहन की सौगात दी है। पौधरोपण कार्यक्रम में इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशीअध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा आज नगर में हरियाली दिखाई दे रही है वह हरीतिमा के कार्यो का परिणाम है। पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है। यह हमें सास लेने के लिए हवा, पीने के लिए जल, खाने के लिए भोजन एवं रहने के लिए भूमि प्रदान करता है। जब पेड़ की नीचे छांव में हम किसी राहगीर को आराम करते देखते है तो दिल को एक अलग ही सुकून मिलता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए *दिनेश चंद्रवंशी* ने कहा धरती पर रहने वाले सभी व्यक्ति द्वारा उठाए गए छोटे कदमों के माध्यम से हम बहुत ही आसान तरीके से पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं शहर में हरियाली लाने, पौधों की रक्षा और सुरक्षा का कार्य अगर किसी ने किया है तो वह हरीतिमा टीम है। जिसका कार्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।पर्यावरण के क्षेत्र मैं किया गया कार्य हमारे भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य निर्माण के लिए काफी कारगर साबित होगी। इस अवसर पर इलेक्ट्रिक वाहन का विधिवत शुभारंभ टीम के सदस्यों को चाबी सौपकर किया गया। *जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू* ने कहा पौधा लगाना एक पुण्य का कार्य है पर्यावरण जीवित जीवों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पारिस्थितिक संतुलन एवं पृथ्वी पर जीवन को बचाये रखता हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में इंद्राणी,दिनेश चंद्रवंशी ने टीम का सहयोग प्रदान कर एक नई मिशाल पेश की है। ऐसे नेक एवम पूण्य कार्य के मदद के लिए हम सब कृत संकल्पित है। सदस्य राकेश दोशी एवं पन्ना चंद्रवंशी ने इलेक्ट्रिक वाहन के महत्व को बताते हुए कहा यह हरीतिमा वाहन काफी मददगार साबित होगी। वाहन के माध्यम से कम समय मे और ज्यादा काम कर सकते है। समान को ढोने के लिए सुविधा मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहन स्वच्छ हवा एवं हृदय रोगों को जोखिम को कम करते हैं तथा प्रदूषण रहित है इसका उपयोग टीम के द्वारा आवश्यक सामग्री रेत, गिट्टी, सीमेंट,औजार पौधा के रखने में उपयोग आएगी। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार वर्मा एवं आभार प्रदर्शन टीम के संस्थापक सदस्य अजय लुनिया ने किया। इस अवसर पर वीरेंद्र साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा रघुराज परिहार, टोप चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, राम सिंह ठाकुर ,प्रताप चंद्रवंशी एवं बड़ी संख्या में टीम के सदस्यगण मौजूद रहे।

### एसपी ने 3 अधिकारियों के डीएसपी प्रमोट होने पर स्टार लगाकर दी शुभकामना



**भिलाई, 1 अक्टूबर।** सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में एसपी शलभ सिन्हा ने दुर्ग जिले में पदस्थ तीन अधिकारियों के डीएसपी प्रमोट होने पर स्टार लगाकर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ गृह विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर कई अफसरों को पदेन्नत किया है। इनमें दुर्ग जिले से जामुल थाना प्रभारी याकूब मेमन, वैशाली नगर थाना प्रभारी प्रदीप सोरी व दुर्ग जिले के निरीक्षक रमेश कुमार चंद्रा भी शामिल है इन्हें उप पुलिस अधीक्षक के पर पदोन्नत किया गया है सभी पदोन्नत अधिकारियों को शहर एएसपी संजय ध्रुव, ग्रामीण एएसपी अनंत कुमार, डीएसपी हेड क्वार्टर संजय पुंढीर, भिलाई नगर सीएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, छावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने बधाई दी है बता दें कि 1998 बैच के याकूब मेमन अविभाजित मध्य प्रदेश में रीवा सतना, इंदौर में रहे हैं। वर्ष 2008 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुई। याकूब इकलौते निरीक्षक रहे, जिन्हें राष्ट्रपति वीरता पदक एवं राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

### प्लेट मिल की टीम ने दो दिनों में ही चुनौतीपूर्ण सुधार कार्य को किया पूरा



भिलाई, 1 अक्टूबर। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के पीटीओडी-2 के नियमित निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि आउटपुट शाफ्ट पर बीयरिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी। इन दोनों पीटीओडी की अनुपलब्धता के कारण प्लेट मिल का उत्पादन बाधित हो सकती थी। हालांकि, मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे के मार्गदर्शन में, ड्राइवर रिड्यूसर के आउटपुट शाफ्ट को बदलने का काम शुरू किया गया। इन दो दिनों दौरान, टीम ने कुछ चुनौतीयों का सामना किया और अपनी कड़ी मेहनत से पीटीओडी-2 में क्षतिग्रस्त बेयरिंग को सफलतापूर्वक बदल दिया। प्लेट मिल की इस सफलता का श्रेय उप-महाप्रबंधक नवनीत साहा के असाधारण नेतृत्व को जाता है। जिन्होंने मास्टर तकनीशियन शिव कुमार साहू और संविदा कर्मचारी जितेंद्र वर्मा, विभीषण निषाद, लोकनाथ बिसाई, कमरूद्दीन, शिव कुमार यादव, बलदेव नवरंगे, नोमेश राव और चुन्नी लाल के टीम का नेतृत्व किया। इस उपलब्धि को प्लेट मिल सम्मेलन कक्ष में मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे की उपस्थिति में मनाया गया। इस दौरान ठेका श्रमिकों को मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी, महाप्रबंधक संजय कुमार, महाप्रबंधक सुधाकर जंपाला, महाप्रबंधक एच के बहरूपी और महाप्रबंधक सुनील मित्रा उपस्थित थे।

## प्रधान पाठक ने वेतन से बांटे बच्चों को कम्पास

**उतई, 1 अक्टूबर ।** (उतई)पांगरी में शा.पूर्व.मा.शाला के बच्चों को उनकी पढ़ाई लिखाई में आवश्यक विषय वस्तु की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी तरह की असुविधा महसूस न हो। यह सब देखते हुए शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने जैसे अनोखे पहल प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू ने अपने जन्म दिन 29-09-2023 के अवसर पर पिछले वर्ष कापीऔर पेन वितरण किया था। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला के प्रत्येक बच्चों को अपने वेतन के पैसे से खरीदी गई कम्पास बाक्स वितरण कर एक अनोखा मिशाल पेश करते हुए अति विशिष्ट उल्लेखनीय कार्य किया है। बच्चों में हर्ष और उल्लास देखा गया जो कि सराहनीय है। उक्त कार्यक्रम में पूर्व मा.शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री अवधेश यादव, उपाध्यक्ष श्री चुरामणी नागेश, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण अलखराम बंजारे, रोहित खरे सरपंच पूनम यदु,शिक्षक घनश्याम साहू, शिक्षिका सुप्रिया चंद्राकर,दिनेश यादव, सावित्री बाई मोआर्स, कुलेश्वरी बाई निषाद, शाला के सभी बच्चे, ग्रामीण आदि मौजूद रहे।



### नगर पालिका उपाध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया

**कवर्धा।** कवर्धा नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान सहित कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया ।

### स्वच्छता ही सेवा है:विजय साहू



**कवर्धा, 1 अक्टूबर।** पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान की तारीफ करते हुएविजय कुमार साहु महामंत्री तहसील साहू संघ सहसपुर लोहारा ने कहा की स्वच्छता ही सेवा का संदेश प्रधानमंत्री ने दिया है और भारत देश में स्वच्छता के प्रति बेहतर जागरूकता दिख रही है । लोग डस्ट बिन का महत्व समझते है और डस्ट बिन में कचड़ा डालते है और स्वच्छता के प्रति सभी लोगो में जागरूकता आ रही है ।

## कसौंधन वैश्य समाज की कार्यकारिणी घोषित





**भिलाई, 1 अक्टूबर।** कसौंधन वैश्य समाज की बैठक कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें पूर्व अध्यक्ष नमित गुप्ता ने अपने 3 साल के कार्यों का वर्णन देते आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया व नई कार्यकारिणी गठन करने का आवाहन किया। सर्वसम्मति से सुनील गुप्ता को अध्यक्ष एवं विजय गुप्ता एवं सुशील गुप्ता को उपाध्यक्ष सचिव बालचंद गुप्ता सह सचिव अनिल गुप्ता कोषाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता युवा अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता युवा उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, राकेश गुप्ता, विक्रम गुप्त, जयदत्त गुप्ता, भवन प्रभारी शिवदत्त गुप्ता, श्याम गुप्,ता सलाहकार समिति पुनमचंद गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, गणेश गुप्ता, नमित गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, आलोक गुप्ता, शैलेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, चंद्र किशोर गुप्ता, किशोर गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, लालचंद गुप्ता, दिनेश गुप्ता विष्णु दत्त गुप्ता विकास गुप्ता तेज प्रकाश गुप्त शशांक गुप्ता मन्नू गुप्ता अखिलेश गुप्ता रज्जन गुप्ता नीरज गुप्ता विनय गुप्ता सूर्य प्रकाश गुप्ता चंद्रप्रकाश गुप्ता निहालचंद गुप्ता संरक्षक गण संतोष गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष )दुर्गा दत्त गुप्ता इंद्रपाल गुप्ता कैलाश चन्द्र गुप्ता धनीराम गुप्ता राम गोपाल गुप्ता ओमप्रकाश गुप्ता प्रोफेसर ओमप्रकाश गुप्ता बृज नारायण गुप्ता शंकर लाल गुप्ता शारदा प्रसाद गुप्ता योगेश गुप्ता सत्यनारायण गुप्ता जवाहर गुप्ता लक्ष्मण गुप्ता सतीश गुप्ता रामलाल गुप्ता को संरक्षक नियुक्त किये गये। इसी तरह महिला मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें अध्यक्ष श्रीमती नीतु बालचंद गुप्ता उपाध्यक्ष पल्लवी प्रमोद गुप्ता श्रीमती रीना शारदा गुप्ता श्रीमती गीता विजय गुप्ता श्रीमती योगिता विकास गुप्ता सचिव श्रीमती अल्का सुनील गुप्ता कोषाध्याय श्रीमती नेहा कृष्णा गुप्ता युवा अध्यक्ष श्रीमती भारती भूपेंद्र गुप्ता श्रीमती पल्लवी नमित गुप्ता सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती कीर्ति प्रशांत गुप्ता श्रीमती रंजना नीरज गुप्ता श्रीमती राखी गुप्ता श्रीमती माया मन्नू गुप्ता श्रीमती रोशनी गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रश्मि गुप्ता श्रीमती सोनम गुप्ता श्रीमती निशा गुप्ता श्रीमती रानी गुप्ता श्रीमती संगीता गुप्ता श्रीमती आरती गुप्ता गीता गुप्ता प्रीति विनय गुप्ता कविता गुप्ता रीता अखिलेश गुप्ता प्रीति जय दत्त गुप्ता रमन लालचंद गुप्ता पूजा प्रभारी अर्चना गुप्ता माया गुप्ता मिथिलेश गुप्ता सलाहकार समिति प्रभानंद किशोर गुप्ता शीला महेश गुप्ता सुनीता दिनेश गुप्ता संरक्षण गण श्रीमती प्रभा गणेश गुप्ता अनीता पूनम चंद गुप्ता संजना योगेश गुप्ता वंदना तेज प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ संरक्षक डॉक्टर अंजु गुप्ता रंजना गुप्ता कस्तूरी गुप्ता प्रभा रामलाल गुप्ता रेखा धनीराम गुप्ता श्रीमती गीता सत्यनारायण गुप्ता को नियुक्त किया गया है समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने सभी को शपथ के साथ समाज के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसमे राष्ट्रीय प्रमुख सलाहकार हरिनारायण गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्याय शिव कुमार गुप्ता, प्रदेश समिति से आशा गुप्ता (महिला अध्यक्ष), विपुल गुप्ता (प्रदेश महासचिव), भी शामिल थे।

### हिंदी का प्रयोग करना हमारा राष्ट्रीय दायित्व है: दासगुप्ता

**भिलाई, 1 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा 29 सितम्बर को राजभाषा पखवाड़ा का समापन एवं हिंदी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरि तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ रविन्द्रनाथ एम उपस्थित थे। आरंभ में अतिथिगण ने माँ सरस?वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उप महाप्रबंधक सौमिक डे ने किताब भेंट कर अतिथिगण का स्वागत किया। सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि, हिंदी में कार्य करना हमें गर्व के साथ ही अपनेपन की अनुभूति देता है, कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करना हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें हिंदी में कार्यालयीन कामकाज करने में भी अग्रणी रहना है। हिंदी हमारी राजभाषा है। यह भारतवर्ष में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। अंग्रेजी भाषा अथवा अन्य किसी भी भाषा से हमें बैर नहीं है। हमें भाषा के प्रयोग में प्रचलित मानसिकता से उबरना होगा।



### इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी केंद्र में राजभाषा पखवाड़ा का समापन





भिलाई, 1 अक्टूबर। सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सेट), भिलाई उप केंद्र में 30 सितम्बर को राजभाषा पखवाड़ा - 2023 कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजन किया गया। जिसमें कार्यपालक निदेशक भिलाई इस्पात संयंत्र विपिन कुमार गिरी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समापन समारोह में सेट, भिलाई द्वारा आयोजित नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को तथा उपकेंद्र स्तर में हुए प्रतियोगिता के विजेताओं को विपिन कुमार गिरी द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर गिरी ने भारत के प्रांतीय भाषाओं को माला में मोती और राजभाषा हिंदी को उस माला में शोभित मध्य मणि के रूप में बताया। अपने भाषण में गिरी ने हिंदी की बढती लोकप्रियता पर प्रकाश डाला। केंद्र प्रभारी प्रणय कुमार ने कार्मिकों द्वारा हिंदी में किये गये कार्यों की सराहना की। सेट, भिलाई उपकेन्द्र की राजभाषा अधिकारी तथा महाप्रबंधक श्रीमती पारमिता ने कार्यक्रम का संचालन किया। उप-महाप्रबंधक (सीईटी) पुनीत चौबे द्वारा, राजभाषा के गतिविधियों पर एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम में श्रीमति मंजू हरिदास, आशीष शुक्ल, अरविन्द श्रीवास्तव, चैतन्य, संदीप कुमार, अभय, तरुण, विनय, सुधीर, गोपी कृष्णन, असीम साहू, मोहन, तोरण लाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में दयानंद साहू द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया।

### त्याग और तपस्या के बिना नहीं मिलती सफलता:बी के जयंती



**भिलाई, 1 अक्टूबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पीस ऑडिटोरियम में लंदन से पधारीं संस्था की एडिशनल चीफ बीके जयंती दीदी के भिलाई आगमन पर एनसीसी कैंडिडेटस के द्वारा गॉड ऑफ ऑनर देकर तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पंथी नृत्य द्वारा स्वागत किया गया। जयंती दीदी ने अपने दिव्य उद्बोधन में कहा कि त्याग और तपस्या के बिना सफलता नहीं मिलती, आज राजयोगिनी दादियों ने मन की लेबोरेटरी में साइलेंस की शक्ति द्वारा परमात्म शक्तियों का एक्सपेरिमेंट कर इस ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के विशाल वट वृक्ष को संपूर्ण विश्व में खड़ा किया है।

## एक नजर

### श्री जैतु साव मठ में मनाई जाएगी गांधी जयंती

**रायपुर 1 अक्टूबर।** श्री जैतु साव मठ, पुरानी बस्ती रायपुर में दिनांक 2 अक्टूबर दिन सोमवार को 10:30 में महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई जाएगी

### संयुक्त महामंत्री बने योगेन्द्र दास वैष्णव



**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव गामीण के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज संगठन प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के अनुमोदन जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने धामनसरा निवासी योगेन्द्र दास वैष्णव को संयुक्त महामंत्री पद दायित्व दिया पूर्व में वैष्णव ब्लांक कांग्रेस उपाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदेश सचिव जिला महामंत्री किसान कांग्रेस महामंत्री एवं उपसरपंच पूर्व जनपद सदस्य पद पर रहा कांग्रेस पार्टी में सक्रिय हो कर दायित्व देखते हुए जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने अपने जिला कांग्रेस कमेटी में संयुक्त महामंत्री पद दायित्व दिया संयुक्त महामंत्री बनने पर शहर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव ललिता डोमार साहू महेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य रोशन साहू पूर्व सरपंच ईश्वर निषाद सरपंच राजेन्द्र साहू ओमप्रकाश साहु चैन साहू पूर्व सरपंच जनक साहू उपसरपंच कृतलाल पटेल पूर्व उपसरपंच कुंदन चंद्राकर देबू यादव सरपंच दिल्लू साहू केशव साहू पूर्व उपसरपंच हेमंत साहू पूर्व सरपंच राजेश साहू पूर्व सरपंच गिरधर निषाद रामाधार पटेल तिलोक साहू गुमान ढीमर पूर्व सरपंच दिलीप चंदाकर भेष साहू सरपंच चेतन चंदाकर सरपंच पुर्व उपसरपंच चुम्मन निषाद सरपंच लोकेश गंगवीर सहित कार्यकर्ता ने बधाई दिया।

### 2 अक्टूबर गांधी जयंती को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गांधी जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 2 अक्टूबर दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

### गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री करने वालों को सरकार का है संरक्षण-हेमलाल वर्मा

**डोंगरगढ़ 1 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस ने गंगाजल का कसम खाकर शराब बंदी करने का वादा छत्तीसगढ़ की जनता के साथ किया था, लेकिन आए दिन अवैध शराब बिक्री का मामला प्रकाश में आता रहता है। लाल बहादुर नगर क्षेत्र के भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा ने कांग्रेस सरकार और क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहु के ऊपर अवैध शराब बिक्री करने वाले लोगों को सरंक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कुछ दिन पहले डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम पंचायत- डुंडेरा एवं रेंगाकठेरा जो विधायक के गृहग्राम आलीवारा से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है वहां के सैकड़ों ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के पास जाकर गुहार लगाते हुए कहा कि अवैध शराब बिक्री करने वाले व्यक्ति को सरकार और पुलिस के द्वारा सरंक्षण दिया जा रहा है, वैसे ही रेंगाकठेरा के ग्रामीणों ने तो अवैध शराब बिक्री करने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से सड़क में बैठ गए,घंटो हंगामा हुआ बरहाल पुलिस द्वारा बहुत समझाने के बाद मामला अभी शांत हुआ है लेकिन अभी यह मामला खत्म नहीं हुआ है। हेमलाल वर्मा ने कहा कि डोंगरगांव विधानसभा में तुमड़ीबोड़ से लेकर बागनदी तक सैकड़ों ढाबों में शराब का बिक्री धड़ल्ले से चल रहा है, यह अवैध शराब बिक्री सत्ता सरकार और क्षेत्रीय विधायक के सरंक्षण के बिना संभव नहीं है। इसमें भी कमीशन का खेल चल रहा है जिसके चलते ऐसे लोगों के ऊपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रहा है। ऐसे अपराधिक व्यक्तियों पर पुलिस को कार्यवाही नहीं करने के लिए दबाव बनाया जाता है, जिसके चलते क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और क्षेत्र के ग्रामीण परेशान होकर शासन प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। हेमलाल वर्मा ने कहा कि डोंगरगांव की जनता ने मन बना लिया है कि ऐसे विधायक और ऐसे सरकार को इस बार उखाड़ फेंकना है।

# मनमोहक झाकियों नें शहर में खूब बटोरी ताली, रात भर चला आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 1 अक्टूबर।** धर्मनगरी में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी गणेश उत्सव समिति द्वारा नैनाविराम व आकर्षक झांकीया निकाली गई। जिसे देखते ही लोगों में एक अलग प्रकार का उत्साह नजर आया और विसर्जन झांकियां को देखने के लिए शहर सहित आसपास से आए ग्रामीण रात भर चौक चौराहो में डटे रहे । वही डीजे की धुन में युवा अपनी अपनी झांकियां में पूरे उत्साह के साथ थिरकते नजर आए । शहर में इस बार स्टार क्लब बुधवारी पारा , विनर क्लब गणेश उत्सव समिति डोंगरगढ , प्रगति मंडल सब्जी मंडी बुधवारीपारा ,व्यापारी संघ जयस्तंभ चौक , तारण पिपलेश्वर समिति थाना चौक , संस्कार परिवार जेल रोड , के0पी0 व्यास कंडरापारा , आदर्श नव युवक गणेश उत्सव समिति ठेठवारपारा , गरीबी रेखा समिति कक्कड गोदाम , वीर क्लब मजारपारा , जागो युवा एकता संगठन समिति बधियाटोला गणेश उत्सव समितियां द्वारा विसर्जन झांकियां निकाली गई। जिसमें धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित झांकियां ने उपस्थित जनसमुदाय आनंद विभोर कर दिया । यहां समिति द्वारा झांकी निकाले का सिलसिला देर रात शुरू होकर सुबह 8 बजे तक चलता रहा जो मुख्य मार्ग से होते हुए स्थानीय महावीर तालाब में पूरी आस्था के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन झांकियों के लिए यहां जगह-जगह प्रतियोगिता पंडाल लगाए गए थे और बाहर से आने वाले दर्शकों के लिए भी जगह-जगह भोग प्रसाद की व्यवस्था की गई थी ज्यादातर झांकियों में पौराणिक कथा व धार्मिक कथा का विशेष रूप से चित्रण किया गया । समितियों ने तीन -तीन जीप में झाकियां प्रदर्शित की। ताकि दर्शकों को मूर्तियों को मूवमेंट और विषय स्पष्ट रूप से समझ आए।वही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की ओर से भी सुरक्षा की दृष्टि से हर विसर्जन झांकी के साथ पुलिस जवानों की तैनाती की गई । शहर के चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन केमरे के जरिये बदमाशों पर भी नजर रखी जा रही थी ।

**स्टार क्लब नें खूब बटोरी तालिया :** रात भर चले विसर्जन कार्यक्रम में झांकियां के प्रदर्शनी कर रहे समितियां में देखा जाए तो स्टार क्लब बुधवारी पारा नें शहर में खूब वाह वाही लूटी महाभारत के काव्य का चित्रण करते हुए बनाई गई झांकी ने पूरे शहर वासियों को लुभाया। वही दूसरी और अनुशासन का परिचय देते समिति के सदस्यों के द्वारा काफी बड़ी झांकी को सुचारू रूप से प्रदर्शन को देखते हुए लगभग हर मंच ने इन्हें प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है। वही व्यापारी संघ की झांकी में समुद्र मंथन की घटनाओं को प्रदर्शित किया था । इस झांकी को भी लोगों ने काफी गौर से देखते हुए खूब सराहा । व्यापारी संघ की झांकी का नेतृत्व कर रहे नंदी महाराज को बड़े-बड़े व्यापारियों को खींचता देख सबने खूब तालियां बजाई। विनर क्लब भगत सिंह चौक की झांकी नें श्री कृष्ण जन्म उत्सव के घटनाओं पर आधारित झांकी प्रदर्शित की । इस झांकी ने भी कई पुरस्कार जीते हैं । रात भर चले इस आयोजन मे वीर क्लब के द्वारा प्रथम बार झांकी का प्रदर्शन किया गया। इस शोभायात्रा मे सबसे आगे चलते हुए वीर क्लब मानो पूरी झांकियां की अगुवाई कर रहा था । लोगों की आकांक्षाओं से अधिक का प्रदर्शन इस समिति के द्वारा करने से हर किसी ने उन्हें सराहा।

# कुम्हार समाज का मांग पत्र बसंत व ईश्वर ने सीएम को सौंपा





**रायपुर 1 अक्टूबर ।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाइजेशन कुम्हार समाज द्वारा रायपुर में पं. दीनदयाल आडिटोरियम सांइस कालेज मैदान में कुम्हार समाज सम्मान समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं गरीश देवांगन, राजेन्द्र साहू, विमल, कप्तान सिंह एवं प्रजापति समाज के राष्ट्रीय संस्थापक महासचिव रमेश टांकर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में चित्रकला, भाषण, डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 3000 से अधिक समाज के लोगों आडिटोरियम में उपस्थित थे। सामाजिक एकता के संदेश में बसन्त चक्रधारी, ईश्वर चक्रधारी ने समाज की विभिन्न मांगों से संबंधित मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। उक्त समाज के प्रमुख रामकृष्ण चक्रधारी, राजू चक्रधारी, जामवंत चक्रधारी, राजेंद्र चक्रधारी, हरीश, अमित प्रचापति, लालाराम, विजय, गिरवर चक्रधारी, दीपक चक्रधारी, रामकिशोर चक्रधारी, पंचू चक्रधारी, राहुल चक्रधारी, नारायण प्रजापति, मोहन कश्यप, सुदेश प्रजापति, सुखनंदन, कृतेश चक्रधारी, माताशरण, श्यामलाल, सहदेव, रामाधारा, विष्णु चक्रधारी, किशन प्रजापति, शिवलाल, हितेन्द्र चक्रधारी, स्वप्निल चक्रधारी, भावेश, आशा चक्रधारी, उमा चक्रधारी, कुन्ती प्रजापति, ललिता चक्रधारी, रेखा चक्रधारी, मीरा चक्रधारी, सरोज, अंजलि चक्रधारी, अर्चना चक्रधारी, आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन ईश्वर चक्रधारी ने किया।

# भाजपा-कांग्रेस को जोगी कांग्रेस की खुली चुनौती हिम्मत है तो शपथ पत्र देकर जनता से करें वादे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी/ नगरी 1 अक्टूबर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे ) के जिला अध्यक्ष उत्तम साहू ने भाजपा कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों को खुली चुनौती देते हुए कहा है कि अगर इन पार्टियों में हिम्मत है तो जोगी कांग्रेस की तरह घोषणा पत्र के जगह शपथ पत्र दें, चुनाव के वक्त जनता को प्रलोभन देकर झूठी वादे कर सत्ता में काबिज होने का सपना पूरा नहीं होगा जनता इनकी वादों को समझ चुकी है यह वादे सिर्फ चुनावी होते हैं सत्ता में आने के बाद भूल जाते हैं,इन पार्टियों में जनता के प्रति सच्ची हमदर्दी का भाव है तो शपथ पत्र देकर अपनी बात रखें, उत्तम साहू ने कहा है कि जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ से गरीबी दूर करने के लिए दस बिंदुओं पर कोर्ट में शपथपत्र दिया है,वह ऐतिहासिक है, उन्होंने आगे कहा कि हमारे नेता छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री एवं जोगी कांग्रेस के संस्थापक स्वर्गीय अजीत जोगी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में ऐसे ही शपथपत्र देकर धान का समर्थन मूल्य 2500 सौ, किसानों का कर्जा माफ,बिजली बिल हाफ,शराबबंदी, बेरोजगारी भत्ता देने सहित कई विभिन्न मुद्दों को लेकर शपथपत्र दिया था, जिसे कांग्रेस ने फोटो कापी करके घोषणा पत्र में शामिल किया और सत्ता में काबिज हो गए अब फिर से एक बार 2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के जनता के लिए जोगी कांग्रेस ने पार्टी के परंपरा अनुसार शपथपत्र दिया है, जिसमें धान का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपए के साथ गरीब हटाने के लिए 10 बिंदुओं पर शपथ पत्र देकर सभी राजनीतिक पार्टियों को चुनौती दी है, सामने चुनाव को देखकर कांग्रेस और बीजेपी छत्तीसगढ़ की जनता को भ्रमित करने में लगी है, एक तरफ कांग्रेस अपनी कुर्सी बचाने की कोशिश में है तो दूसरी ओर भाजपा सत्ता का सपना देख रही है जिला अध्यक्ष ने दोनों पार्टियों पर तंज करते हुए कहा है कि कांग्रेस और भाजपा एक सिक्के के दो पहलू है चुनाव के वक्त एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं लेकिन अंदर में एक साथ बैठकर एक थाली में खाते हैं, लेकिन अबकी बार जनता इसके बहकावे में नहीं आने वाली है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी बच्चों का बेहतर इलाज होना चाहिए:विजय वर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 1 अक्टूबर।** खैरागढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम बाबूनवागाव में गणेश उत्सव कार्यक्रम के बाद गणेश विसर्जन के लिए स्थानीय तालाब बाजेगाजे के साथ ट्रेक्टर पर गणेश जी की प्रतिमा को ले जाया गया गणेश विसर्जन के बाद वापस ट्रेक्टर में करीब 40 बच्चे बैठकर घर जा रहे थे तभी रास्ते मे ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसकी सूचना जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा की प्रतिनिधि विजय वर्मा को फोन के माध्यम से मिला सूचना मिलते ही विजय वर्मा तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान पहुँचे और सभी के बेहतर इलाज के लिए डॉ मनीष बघेल से बात किया और वहां उपस्थित डॉ योगेश मंडावी को कहा कि जिसे गंभीर चोट आया है उसे रिफर करने की बात कही जिस पर डॉ योगेश मंडावी ने करीब 5 बच्चे को जिला चिकित्सालय राजनांदगांव एम्बुलेंस से भेजा बाकी सभी बच्चे का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान में चल रहा है सभी बच्चे खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# मोदी सरकार की नीतियों का अधिक लाभ युवाओं और महिलाओं को मिले:अमित शाह




**रायपुर 1 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र में 'उभरता भारत- यही समय है, सही समय है' विषय पर अपने संबोधन में देश के 75 सालों के लोकतांत्रिक सफर और पिछले 9 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान शाह ने कहा कि, 'मोदी सरकार की नीतियों का अधिक लाभ युवाओं और महिलाओं को मिले, इसके लिए पीएचडीसीसीआई को भी एक इकोसिस्टम तैयार करना चाहिए।' मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह के नीतिगत निर्णयों से बीते 9 सालों में हर क्षेत्र में देश का कायाकल्प हुआ है। 'उभरता भारत- यही समय है, सही समय है' थीम चुनने के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की टीम को बधाई देते हुए शाह ने संदेश दिया कि जी20, चंद्रयान-3 मिशन, आदित्य एल-1 मिशन की सफलता और महिला आरक्षण बिल के पास होने जैसी घटनाओं ने देश भर में एक नई ऊर्जा भर दी है। आज भारत में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हो चुकी हैं। मोदी सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति के कारण आने वाले वर्षों में भारत दुनिया भर के छात्रों के लिए सबसे अच्छा डेस्टिनेशन साबित होने वाला है। संकल्प से सिद्धि के इस सफर में शाह का स्पष्ट मानना है कि जब देश आजादी की शताब्दी मना रहा होगा उस वक्त हर क्षेत्र में भारत सबसे आगे होगा, क्योंकि सबसे ज्यादा युवा, सबसे ज्यादा आबादी वाला देश, सबसे ज्यादा डॉक्टर, इंजीनियर और टेक्नोक्रैट्स भारत में हैं। अगर साल 2014 के बाद के भारत को देखा जाए तो पता चलता है कि मोदी-शाह की जोड़ी ने अपने हर वादे को निभाया। यही कारण है कि साल 2014 में हम विश्व की 11वीं नंबर की अर्थव्यवस्था थे और साल 2023 में दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे हैं। इतना ही नहीं, साल 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 2013-14 में देश में 4 यूनिकॉर्न स्टार्टअप और 350 स्टार्टअप थे, आज 115 यूनिकॉर्न और 1 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ भारत दुनिया के प्रमुख देशों में से एक है। एक दौर था जब मेक इन इंडिया कार्यक्रम का मजाक उड़ाया जाता था, आज भारत उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ रहा है। देश के अंदर 14 सेक्टर में पीएलआई स्कीम ने मेक इन इंडिया के स्वप्न को साकार किया है। आज पूरे विश्व में भारत को वाइब्रेंट स्पॉट के रूप में जाना जाता है। राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत निर्णयों से परिपूर्ण पिछले 9 वर्षों में देश ने कई अभूतपूर्व बदलाव को देखा और महसूस किया है। बीते 9 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल प्रबंधन में देश की प्रगति को जो एक नई गति मिली है, उससे स्पष्ट है कि भारतीय उद्योगों के लिए अपने स्केल और साइज दोनों को बदलने का यही सही समय है।

### प्रदेश में सभी शासकीय एवं अशासकीय निर्माण कार्य खनिज परिवहन नीति के कारण ठप:बीएआई

**रायपुर 1 अक्टूबर।** छ.ग. राज्य शासन नयी खनिज परिवहन नीति लागू होने से प्रदेश के शासकीय, अशासकीय ठेकेदारों के कार्य ट्रान्सपोर्टरों की विगत 15 दिवस से जारी हड़ताल के कारण निर्माण कार्य बंद होने से प्रदेश भर में रेत, गिट्टी, मुरूम एवं ईट की सप्लाई बंद होने के कारण रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, अम्बिकापुर, नारायणपुर, जगदलपुर, धमतरी, बालोद, सुकमा, कांकेर, बीजापुर सहित प्रदेश भर में निर्माण कार्य बंद हो गये हैं। जिसके फलस्वरूप निर्माण एवं ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में बेरोजगारी की स्थिति निर्मित हो गई है। निर्माण कार्यों में लिप्त ठेकेदारों के ऑपरेटर, ड्राइवर, मिस्त्री, श्रमिकों को बेरोजगारी की गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदारों द्वारा अपना पक्ष रखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें जब तक गिट्टी, रेत, मुरूम, ईट आदि की सप्लाई प्राप्त नही होगी तब तक निर्माण कार्य कैसे संपादित किया जा सकता है। उन्हें मजबूरीवश कार्य बंद करना पड़ रहा है। विभाग का आगामी चुनाव को देखते हुए ठेकेदारों पर शीघ्र कार्य करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। जबकि ठेकेदार नई खनिज नीति के कारण भारी जुर्माना एवं जेल जाने के नियम के कारण किसी भी कीमत पर कार्य करने को तैयार नही है।

ठेकेदारों का कथन है कि छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय, अशासकीय निर्माण कार्यों में खनिज की जितनी मात्रा की खपत है उतनी मात्रा में खनिज पट्टों का माइनिंग प्लान ही नही है। कोई भी ठेकेदार या परिवहनकर्ता बिना रायल्टी पर्ची के काम नही करना चाहता, किंतु पर्याप्त मात्रा में माइनिंग प्लान की स्वीकृति न होने कारण यह स्थिति बन रही है। ठेकेदारों का कहना है कि उनके द्वारा संपादित किये गये कार्यो का विभाग द्वारा प्रत्येक रनिंग बिल एवं फाइनल बिल का परीक्षण कर रायल्टी एवं डी.एम.एफ. राशि की कटौती कर ली जाती है, ठेकेदारों का पूरा खाता बही छ.ग. शासन के विभाग के पास ही उपलब्ध रहता है। इसके बाद भी ठेकेदार रायल्टी में किसी प्रकार की चोरी नही कर सकता ठेकेदारों का कहना है कि विभाग द्वारा हमसे अग्रिम रायल्टी जमा करवा ली जावे और हमें तुरंत खनिजों के परिवहन की अनुमति निर्माण विभाग प्रमुख द्वारा ही दी जावे। और साथ ही सीमेंट निर्माता कंपनियों के द्वारा अकारण कार्टेल बनाकर सीमेंट दर में 60-70 रूपये प्रति बोरी की वृद्धि करने से निर्माण कार्य में और भी संकट पैदा हो गया है।उक्त जानकारी बिल्डर्स ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष कंवलजीत सिंह ओबेरॉय ने दी।

### छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं से बनी पहचान:मुख्यमंत्री



**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम सांकरदाहरा में चातुर्मास महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संत सम्मेलन एवं किसान मिलन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा करना है। गरीब एवं जरूरतमंदों, माताओं, वनांचल क्षेत्र के आदिवासियों, किसान, मजदूर एवं संत महात्मा की सेवा करना है। हमारी सरकार ने लगातार इस दिशा में कार्य करते हुए लगभग 5 वर्ष पूर्ण किया है और इन 5 वर्षों में कई चुनौतियां भी रहीं। कोविड-19 संक्रमण के समय विकट संकट आया। इस महामारी के दौरान सरकार द्वारा किसानों की मदद के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाई गई। संतों का ध्यान गौवंश की रक्षा में रहता है। गौ सेवा करने से संतों का आशीर्वाद मिलता है, क्योंकि यह संतों के हृदय की बात होती है। पहले छत्तीसगढ़ नक्सलगढ़ के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब छत्तीसगढ़ हमारी प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को संत महात्माओं का आशीर्वाद लगातार मिल रहा है और छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में ट्रेक्टर एवं हारवेस्टर जैसे आधुनिक यंत्र आ गये हैं। डेयरी एवं गौपालन अब घाटे का सौदा हो गया है। बैल को खुले में छोड़ देने के कारण फसलों को नुकसान होता है। सरकार द्वारा गौठान की परम्परा को मजबूत करने की कोशिश की गई। गौठानों को पुनर्जीवित करते हुए साढ़े 10 हजार गौठान बनाये गये हैं। 10 हजार 250 गौठान पूर्ण हो गये हैं, जो शेष रह गये हैं, उन्हें भी जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। सरकार द्वारा गौठानों के माध्यम लगभग डेढ़ लाख एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। बिना किसी विवाद एवं दण्ड के गौमाता के नाम से प्रदेश भर में गौठान एवं चारागाह के लिए जमीन आरक्षित की गई। गौठानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### बेरोजगारी भत्ता से युवाओं को आर्थिक संबंल प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडऩा लक्ष्य : मुख्यमंत्री

**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजनांदगांव जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत 5 हजार 620 युवाओं को 1 करोड़ 40 लाख 50 हजार रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की। अब तक जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को छ- किस्तों में 7 करोड़ 12 लाख 30 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोडऩा भी है। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राहियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे अपने कौशल को निखारते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छ- माह पहले जब ये योजना शुरू हुई थी तो कई लोगों के मन में शंकाएं थीं। हालांकि बेरोजगारी भत्ता योजना सफलतापूर्वक लागू हुई और ऑनलाइन माध्यम से बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देशानुसार बेरोजगारी भत्ते के लिए चयनित अभ्यर्थियों को कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। अभी तक ऐसे 7 हजार 464 अभ्यर्थी प्रशिक्षित होकर रोजगार से जुड़ गए हैं, जबकि 1 हजार 7 सौ 96 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी जल्दी ही शुरू हो जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आईटीआई के 109 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी के कुल 920 पद विज्ञापित किए गए थे जिनमें से 82 पदों के लिए पहले ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं। इसी तरह से मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज छात्रावास अधीक्षक के पद के लिए भी 6 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। जिले के युवाओं ने बेरोजगारी भत्ता मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि युवाओं को शासन के इस कदम से आर्थिक रूप से सहायता मिली है। बेराजगारी भत्ता की राशि का उपयोग वे अपनी पढ़ाई में करेंगे।

# नगर निगम में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का नगरीय प्रशासन मंत्री ने किया अनावरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 1 अक्टूबर।** नगर निगम टाउन हाल परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की गयी है, जिसका आज नगर निगम में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया जी ने अनावरण किया। अनावरण अवसर पर मंत्री डॉ. डहरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी की मंशानुरूप नगरीय प्रशासन द्वारा सभी नगरीय निकायों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इसी कडी में आज राजनांदगांव में नगर निगम द्वारा स्थापित प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। प्रतिमा स्थापना के लिये महापौर हेमा देशमुख, आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता एवं उनकी टीम बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान के लिये छत्तीसगढ़ की परम्परा, रिती रिवाज,खान पान, खेल कुद को बढ़ावा दे रही है। हमारे प्रदेश की परम्परा विलुप्त प्राय हो गयी थी जिसे जन जन तक पहुचाने, माननीय मुख्यमंत्री जी ने छत्तीसगढ़ के हरेली, तीजा पोला, छेरछेरा, पुन्नी जैसे त्योहार को जोर शोर से मनाने के अलावा छत्तीसगढी खेल कुद बाटी, भौरा, पिट्ठूल, खो, कब्बडी, गेडी आदि से लोगों को जोडने छत्तीगढ़िया आलोपिंक की शुरूवात की। छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, चिला, फरा को गढ़कलेवा के माध्यम से प्रदेश के अलावा देश मे भी पहचान दिलाये। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री माननीय बघेल जी प्रदेश के हर व्यक्ति की चिन्ता कर उन्हें शासन की योजना का लाभ दे रहे है।

नगर निगम में आयोजित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छ.ग.अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री धनेश पाटिला, छ.ग. युवा आयोग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र मुदलियार, छ.ग.अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री हफीज खान,निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, छ.ग. असंगठित कर्मकार संघ के सदस्य श्री विरेन्द्र चौहान, पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया व श्री सुदेश देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री रमेश डाकलिया उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया जी का महापौर सहित निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके के अलावा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदगणों, नामांकित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात माननीय मंत्री जी ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्जवलित कर, छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया, अनावरण की शुरूवात राजगीत अरपा पैरी के धार से किया गया।



# गणपति बप्पा मोरया! टीवी सितारों के घर से गणेश जी की विदाई

गणोशोत्सव आने के साथ ही माहौल रोमांच से भर जाता है और लोग अपने प्यारे भगवान का स्वागत करने के लिये तरह-तरह की तैयारियों में जुट जाते हैं। यह जीवंत उत्सव और आध्यात्मिक भक्ति का समय होता है। टेलीविजन के लोकप्रिय कलाकार गणेश जी से समृद्धि और सौभाग्य का आर्शीवाद पाने के लिये उन्हें अपने घर लाने के लिये तैयार हैं और बप्पा के लिये अपने दिल की भावनाएं, प्रेम और समर्पण के बारे में बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- नेहा जोशी ('दूसरी माँ' की यशोदा), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी)। 'दूसरी माँ' की यशोदा, यानि नेहा जोशी ने बताया, ''गणपति बप्पा हर साल अपनी मौजूदगी से हमारे खानदानी घर की शोभा बढ़ाते हैं। यह दिन बड़ा महत्वपूर्ण होता है और हमारे पूरे परिवार को एकजुट करता है। हालांकि, मेरे पैरेंट्स और मैंने हाल ही में अपने नासिक के घर में बप्पा को आधे दिन के लिये रखने की परंपरा शुरू की है। इस विशेष अवसर की तैयारी पंद्रह दिन पहले शुरू हुई थी, जिसमें मेरे पिता ने रचनात्मक पहलुओं को देखा, जबकि माँ ने रसोईघर संभाला। आज हम सभी ने सुबह जल्दी उठकर गणेश जी की स्थापना और आरती की। मेहमान आने लगे हैं और परंपरा के अनुसार, हम लगभग 100-150 रिश्तेदारों और दोस्तों की मेजबानी करेंगे। हम बप्पा और अपने प्यारे मेहमानों के लिये बड़ी मेहनत से पारंपरिक मराठी व्यंजन बनाते हैं। मेरा दिल रोमांच और खुशी से भर जाता है। गणपति बप्पा से मैं प्रार्थना करती हूँ कि मेरी सेहत और खुशियाँ बनी रहें। सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देती हूँ!'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, यानि गीतांजलि



मिश्रा ने बताया, ''गणेश चतुर्थी का उत्सुकता से इंतजार किया जाता है और यह हमारी वार्षिक परंपरा है। यह भगवान गणेश को अपने घर लाने का मेरा चैथा साल है और मैं इस त्यौहार को 'हप्पू की उलटन पलटन' के अपने नये परिवार के साथ मनाने को लेकर बहुत खुश हूँ। मैं पारंपरिक कपड़े पहनूंगी और ढोलताशे की प्यारी धुनों से बप्पा का स्वागत करूंगी। इस बार की मूर्ति पिछले साल से थोड़ी बड़ी है और मैंने प्रसाद के रूप तरह-तरह के मोदक और लड्डू बनाये हैं। हमारा पांडाल साधारण, लेकिन खूबसूरत और इको- फ्रैंडली है। मुझे इस त्यौहार का अपनापन और एकजुटता बहुत पसंद है, चेहरों पर खुशी देखना और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करना अच्छा लगता है। गणपति बप्पा मोरया!'' 'भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी, यानि रोहिताश्व गौड़ ने बताया, ''गणपति बप्पा हमारे घर को भरपूर खुशियों और सकारात्मकता से भर देते हैं- मेरा अटूट उत्साह उस समय चरम पर होता है, जब मैं भगवान गणेश की अलौकिक प्रतिमा को देखता हूँ। हम पिछले दस दिनों से काफी तैयारियाँ कर रहे हैं।

इस साल बप्पा को मेरी बेटी घर लाई है, ताकि मेरा ध्यान 'भाबीजी घर पर हैं' की शूटिंग के अपने काम से न हटे। मैं आभारी हूँ कि मेरे बच्चे अटूट आस्था रखते हैं और भक्तिभाव से पूजा करते हैं। हमने आज सुबह स्थापना आरती की और मेरी पत्नी ने छप्पनभोग बनाया था। हमारे पारंपरिक चढ़ावे में दुर्वा, मोदक, गुड़, नारियल, लाल फूल, लाल चंदन और कपूर होता है। मेरे घर में परिवार के लोग और दोस्त बप्पा के दर्शन करने आते हैं और बप्पा की सेवादारी में अद्भुत आनंद मिलता है। मैं अपने पास मौजूद हर चीज का श्रेय बप्पा के आशीर्वाद को देता हूँ और अपने प्रियजनों की सेहत और खुशी के लिये प्रार्थना करता हूँ।''सितारों के घरों में विराजित गणेश जी की मूर्तियों को विसर्जन कर दिया गया है।

## अंगूरी भाबी और मनमोहन तिवारी ने इंदौर में बड़े ही उत्साह से गणेश चतुर्थी मनाई!

एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' के प्रशंसकों को उस वक्त रोमांचित कर देने वाली सौगात मिली, जब उनके चहेते किरदार अंगूरी भाबी (षुभांगी अत्रे) और भाबी के मजेदार लड्डू के भैया मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौड़) गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाने के लिये इंदौर में थे। इंदौर से ही आने वालीं शुभांगी ने खाने-पीने और खरीदारी के लिये हमेशा से अपनी पसंदीदा रहीं जगहों का दौरा किया और अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। इधर रोहिताश्व अपने परिवार के लिये खरीदारी और शहर को घूमने की खुशी में मंत्रमुग्ध हो गये थे। दोनों ने इंदौर में उत्साही प्रशंसकों के साथ गणेश महाआरती में भाग लिया और मशहूर छप्पन दुकान जाकर मुँह में पानी लाने वाले व्यंजनों पर टूट पड़े। अंगूरी की भूमिका निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''इंदौर की मेरे दिल में एक खास जगह है और गणेश चतुर्थी के त्यौहार पर अपने होमटाऊन लौटना सचमुच मेरी खुशकिस्मती थी। मैं जब भी इंदौर जाती हूँ, कभी न भूलने वाली यादें मिलती हैं। मुझे बप्पा पर पक्का भरोसा है और मेरे प्यारे लड्डू के भैया के साथ हुआ यह दौरा हमेशा मेरी यादों में बसा रहेगा।'' मनमोहन तिवारी बने रोहिताश्व गौड़ ने कहा, ''मेरी हमेशा से इंदौर घूमने की इच्छा थी, न सिर्फ इसलिये कि वह भारत के स्वच्छतम शहर के रूप में मशहूर है, बल्कि मैं वहाँ के स्वादिष्ट पकवानों का लुत्फ भी लेना चाहता था (धीरे से हंसते हैं)। मैंने इंदौर और वहाँ के स्वादिष्ट पकवानों के बारे में बहुत कुछ सुना था और मैं ईमानदारी से कह सकता हूँ कि मैंने सारे पकवानों का मजा लिया। इस अनुभव ने मुझे पूरा संतोष दिया है। शुभांगी एक बेहतरीन मेजबान रहीं और उन्होंने सुनिश्चित किया कि मैं इंदौर के हर गली-नुक्कड़ में जाऊं और सचमुच में मुँह में पानी ला देने वाले कुछ व्यंजन चखूं। मेरी पत्नी ने शॉपिंग के लिये एक लंबी लिस्ट दी थी और मेरी ऑन-स्क्रीन पार्टनर ने सारी चीजें खरीदने में मेरी मदद की (हंसते हैं)। इंदौर में भगवान गणेश के आगमन के कारण बड़ी ही जीवंत और सम्मोहक ऊर्जा थी और हमारा सौभाग्य था कि हम गणेश जी की आकर्षक महाआरती में अपने प्रशंसकों के साथ शामिल हुए। वह कभी भुलाया न जा सकने वाला अनुभव था।''



## कैसे होगा सच का खुलासा?

एक ओर, एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में आखिरकार हरिद्वार में यशोदा के अशोक से टकराने के बाद एक नये ड्रामे से पर्दा उठने वाला है। तो दूसरी ओर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह पर एक नई मुसबीत आने वाली है, क्योंकि अपनी पत्नी को इम्प्रेस करने की



कोशिश में एक माफिया उसके हाथों से निकल जाता है। वहीं, 'भाबीजी घर पर हैं' में एक गैरकानूनी काम का खुलासा करने के लिये विभूति मीडिया इंडस्ट्री में कदम रखता है। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, ''कृष्णा (आयुध भानुशाली) कबड्डी मैच में जीत जाता है और इनाम में जीते हुये पैसे यशोदा (नेहा जोशी) को देता है। शुरूआत में, यशोदा उन पैसों को लेने से हिचकिचाती है, क्योंकि वह उस पर गुस्सा हुई थी। लेकिन बाद में कृष्णा के दिल से माफी मांग लेने पर वह मान जाती है। यशोदा उन पैसों से एक चाय की दुकान खोलती है और सुरेश (सुनील दत्त) एवं मालती (अनीता प्रधान) को दुकान के उद्घाटन में बुलाती है। इस बीच, शमशेरा (स्वतंत्र भारत) यशोदा को बताता है कि अशोक (मोहित डागा) हरिद्वार में मंडल बाबा आश्रम में रह रहा है। यशोदा फौरन उसे ढूंढने के लिये निकल जाती है। अशोक से मिलने के बाद, वह उससे घर वापस चलने की मिन्नत करती है, लेकिन उसके इनकार करने पर वह हैरान रह जाती है।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) अपने दोस्त बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) की मदद से माफिया शकाल को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लेता है। हप्पू के इस काम से कमिश्नर (किशोर भानुशाली) बहुत खुश होता है और उसकी तारीफ करते नहीं थकता। इसकी एक प्रमुख वजह यह है कि माफिया शाकाल ने कमिश्नर को धमकी दी थी कि यदि वह जेल से फरार हो गया, तो कमिश्नर का सिर मुंडा देगा।

## वंदना को ब्रेस्ट कैंसर के बाद सामान्य जीवन जीने की चुनौती का सामना करना पड़ता है

सोनी सब पर 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' एक आम मध्यमवर्गीय परिवार के जीवन की दिल छू लेने वाली झलक पेश करते हुए, उनके दैनिक जीवन में आने वाली चुनौतियों को प्रदर्शित करता है। हाल के एपिसोड्स में, वंदना (परिवा प्रणति) की सफ्लतापूर्वक मैस्टेक्टॉमी होने पर उसका परिवार प्रार्थना में साथ आता है।



आगामी एपिसोड में, एक नई चुनौती सामने आती है क्योंकि वंदना लोगों के नाजुक व्यवहार से असहज महसूस करती है। ब्रेस्ट कैंसर से अपनी लड़ाई के बाद, वह सामान्य स्थिति में लौटने के लिए उत्सुक है, लेकिन उसके आस-पास के लोग बहुत ज्यादा सतर्क रहते हैं और उसे आराम करने के लिए कहते रहते हैं। यह सावधानी उसके कैटरिंग व्यवसाय को फ्रि से शुरू करने की उसकी महत्वाकांक्षा में भी बाधा बन जाती है। जबकि वह कीमोथेरेपी के लिए तैयार होती है, वंदना का अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने और कैंसर के बारे में सामाजिक धारणाओं को तोड़ने का दृढ़ संकल्प, इस बढ़ती कहानी में गहराई की नई परत जोड़ता है।

वंदना सामान्य जीवन में लौटने और अपने कैटरिंग व्यवसाय को आगे बढ़ाने के संघर्ष से कैसे उबरेगी?

वंदना वागले की भूमिका निभाने वाली परिवा प्रणति ने कहा, ÷जब आप वंदना जैसा किरदार निभा रहे हों, जिसने ब्रेस्ट कैंसर और उसके प्रभावों का सामना किया है, तो आप स्वाभाविक रूप से उन भावनाओं के प्रति सहानुभूति रखते हैं, जिसे महिलाएं ऐसी स्थितियों में सहन करती हैं। यह मेरे लिए बहुत ही मार्मिक अनुभव है, जिसके कारण मेरे मन में ऐसे चुनौतीपूर्ण समय का सामना करने वाली महिलाओं द्वारा प्रदर्शित शक्ति और बहादुरी के प्रति सम्मान और भी बढ़ जाता है। दूसरा पहलू यह है कि कैंसर से जीतने के बाद भी, आपके प्रति लोगों का व्यवहार बदल सकता है।

## परिवारिक ताना-बाना से भरपूर छत्तीसगढी फिल्म सिंदूर आगामी 27 अक्टूबर को होगी रिलीज़

रायपुर...श्री प्रेम कीर्तन प्रोडक्शन में बनी निर्माता कृष्ण कुमार साहू,एवं राजेश तिवारी निर्देशित इस फिल्म की कहानी पटकथा संवाद राजेश तिवारी जी का है फ़िल्म के एसोसिएट डायरेक्टर एवं प्रोडक्शन मैनेजर युवराज साहू है विशुद्ध परिवारिक फीचर फिल्म सिंदूर लंबे समय से चर्चा का विषय बनी हुई थी तथा छत्तीसगढ़ के जनता जनार्दन इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे है द्य फिल्म सिंदूर को आगामी माह 27 अक्टूबर में छत्तीसगढ़ के अधिकतम सिनेमा घरों में रिलीज किया जाएगा फिल्म में नायक,अजय साहू हेरोइन अनिता बरेठ ,रूपा चौधरी , जागेश वर्मा, प्रदीप शर्मा ,उपासना वैष्णव धर्मेंद्र चौबे राजेश बागमारे , हेमलाल कौशल, लता रही, सुनील साहू, कुश पटेल, योगानंद पन्ना, पिंकी साहू, दिया फेकर पकलू 85, रंजीत साहू, नरेंद्र सरकार,मोहन चौहान, झरनेश यादव, अनिल किल्लर, लूरू कॉमेडियन जैसे कई हास्य कलाकार भी अपने अभिनय को प्रस्तुत किए हैं, और हमारी इस फिल्म के खतरनाक विलेन के रूप में अजय पटेल नजर आएंगे एवं सहायक निर्देशिका अनुपम मनहर एवं पोस्ट प्रोडक्शन कामना फिल्म्स( बिलासपुर) ने किया मेकअप प्रवीण सिंह एवं कैमरे की कमान छत्तीसगढ़ के दबंग केमरामेन राज ठाकुर ने संभाली इस फिल्म में गीत व संगीत विक्की जेस तथा नवीन साहू का है ,सिंदूर फिल्म के निर्माता कृष्ण कुमार साहू का कहना है कि फिल्म सिंदूर दर्शक के सामने अच्छी प्रस्तुति देने के लिए तैयार है हमारी फिल्म सिंदूर के गाने SPK Films YouTube चैनल पर देख सकते हैं। हमारे फिल्म के गानों में मिलनयन व्यू आ रहे है हाल ही में अपने फिल्म के चैनल में टीज़र डाले है जिसको भी दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है !



## मोटोरोला एडीजीई 40 नियो के लॉन्च की घोषणा की

**मुंबई।** भारत में 5जी स्मार्टफोन के सर्वश्रेष्ठ ब्रांडट्ट, मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले अपने स्मार्टफोन्स पर अब तक की सबसे कम कीमत के साथ भारी डिस्काउंट की घोषणा की है। ग्राहक 28 सितंबर को शाम 7.00 बजे से मोटोरोला एडीजीई, मोटो जी और मोटो ई सीरीज़ के ज्यादातर स्मार्टफोन को फेस्टिव स्पेशल बिलियन डेज़ सेल प्राइस पर खरीद सकते हैं जिसे पहले ही लाइव कर दिया गया है, और इतनी शानदार कीमतें किसी को भी हैरत में डाल सकती हैं। इसके अलावा, बिग बिलियन डेज़ स्पेशल स्मार्टफोन मोटोरोला एडीजीई 40 नियो भी पहली बार सीमित समय के लिए फेस्टिव स्पेशल प्राइस पर उपलब्ध है, जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार था और इस स्मार्टफोन के 8+128 जीबीकी कीमत 19,999 रुपये* तथा 12+256 जीबी वेरिएंट की कीमत और 21,999 रुपये* होगी। सबसे पहले बिग बिलियन डेज़ के सबसे खास स्मार्टफोन मोटोरोला एडीजीई 40 नियो की बात करते हैं, जो दुनिया का सबसे हल्काआईपीब्ब्68 रेटेड 5जी* स्मार्टफोन होने के साथ-साथ दुनिया का पहला ऐसा स्मार्टफोन भी है, जिसमें बिजली से भी तेज मीडिया टेक डाइमेंसिटी 7030 प्रोसेसर लगाया गया है, जो ग्राहकों के लिए पहली बार 19,999 रुपये (बैंक ऑफर के साथ) की शानदार कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस डिवाइस में 10-बीट बिलियन कलर्स के साथ इस सेगमेंट का पहला 144॥5 6.55÷ कर्व्ड पोलेड डिस्प्ले मौजूद है। सचमुच देखा जाए तो मोटोरोला एडीजीई 40 नियो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और पैसा वसूल पेशकश का बेहतरीन तालमेल है। यह स्मार्टफोन सूथिंग सी, कैनेल बे और ब्लैक ब्यूटी जैसे अपने पंतोने ३ क्यूरेटेड ट्रेंड-सेटिंग रंगों के साथ किसी का भी ध्यान अपनी ओर खींच सकता है। इस फोन में उल्टा लाइट और उल्टा थीं एंडलेस एज डिज़ाइन के साथ-साथ वीगन लेदर फिनिश भी दिया गया है।



## ब्रेस्ट कैंसर के बारे में खुलकर बात की

कैंसर से संबंधित भय और वर्जनाएं बहुत गहरा होता है, जिससे पीड़ित व्यक्ति और उसका परिवार असहाय और निराशा महसूस करता है। इसके लिए आवश्यकता होती है कि व्यक्ति न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक और मानसिक बाधाओं का भी सामना करते हुए अपनी आंतरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प को जगाएं। ऐसे समाज में जहां महिलाओं को स्तनों से संबंधित बातचीत न करने के लिए कहा जाता है, वहां शर्मिंदगी और चुप्पी अक्सर ब्रेस्ट कैंसर की समस्या को उजागर नहीं करती है। हालांकि, कुछ महिलाएं प्रेरणाशक्ति के रूप में उभरी हैं, और ग्लैमर व जीत के पीछे, इन महिलाओं ने जीवन की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक का सामना किया है - ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ लड़ाई। उनकी कहानियों को दोहराते हुए, सोनी सब के शो वागले की दुनिया की वंदना वागले (परिवा प्रणति द्वारा अभिनीत) ऐसी ही समस्याओं पर चर्चा कर रही हैं और दर्शकों को ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ी शर्मिंदगी को दूर करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। अब हम जिन कहानियों पर चर्चा करने वाले हैं, उनकी तरह यह शो समाज को डर और शर्म को दूर करने और ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित खुली बातचीत करने के लिए प्रेरित करती है। यहां विभिन्न उम्र की इन अविश्वसनीय महिलाओं से मिलिए, जिन्होंने ब्रेस्ट कैंसर से लड़ाई लड़ी है और इसके संबंध में खुलकर बात करने को प्रोत्साहित कर रही हैं -



ताहिरा कश्यप - ताहिरा एक लेखिका और फिल्म निर्माता हैं और उनकी शादी बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना से हुई है। ब्रेस्ट कैंसर के निदान के बाद, उन्होंने ÷द लास्ट स्ट्रॉ÷ नामक पुस्तक में अपनी आपबीती के बारे में बात की। उल्लेखनीय साहस के साथ, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने गंजे सिर की तस्वीरें पोस्ट करने से लेकर बिना किसी हिचकिचाहट के अपने घावों को उजागर करने तक, अपनी कैंसर की पीड़ा पर खुलकर बात की। उनका इरादा दुनिया भर की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में काम करते हुए, उन्हें उनके सफर के लिए प्रोत्साहित करना था।

## कलाकारों ने अपने शहरों के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के बारे में बताया

भारत में पर्यटन को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के लिसे हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस (वर्ल्ड टूरिज्म डे) मनाया जाता है। इस खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों और घूमने के शौकीन लोगों ने अपने राज्यों के अपने पसंदीदा स्थानों और सैर करने लायक जगहों के बारे में बात की। इन कलाकारों में शामिल हैं 'दूसरी माँ' के आयुध भानुशाली (कृष्णा), नेहा जोशी (यशोदा), एवं आरजे मोहित (मनोज), 'हप्पू की उलटन पलटन' की गीतांजलि मिश्रा (राजेश) व चारूल मलिक (रूसा) और 'भाबीजी घर पर हैं' की शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी) एवं सानंद वर्मा (अनोखे लाल सक्सेना)। 'दूसरी माँ' में यशोदा का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी, जोकि मूल रूप से महाराष्ट्र की रहने वाली हैं, ने कहा, ''महाराष्ट्र से होने के नाते, मुंबई के लिये मेरे दिल में एक बेहद खास जगह है, क्योंकि यह मेरी कर्मभूमि भी है। गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव और वर्ली सी लिंक अपनी खूबसूरती से शहर की शोभा को और बढ़ाते हैं। इन सबकी अपनी-अपनी दिलचस्प कहानियां हैं। पर्यटकों को जुहू चैपाटी के वड़ा पाव, पाव भाजी और पानी पूरी सहित मुंबई के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड्स का स्वाद जरूर चखना चाहिये। महाराष्ट्र में मेरी पसंदीदा जगहों में मेरी जन्मभूमि नाशिक भी शामिल है। गोदावरी नदी के तट पर स्थित नाशिक एक महत्वपूर्ण हिन्दू तीर्थस्थल भी है। 'भारत के वाइन कैपिटल' के रूप में मशहूर नाशिक में देश के आधे से ज्यादा वाइनयार्ड्स और वाइनरीज हैं। इसके अलावा, मैं अपने परिवार के साथ अक्सर महाबलेश्वर, पंचगनी, ईगतपुरी और लोनावला भी जाती रहती हूं। यहां की हरी-भरी वादियां और पहाड़ियां मुझे सुकूनदायक पलों का आनंद देती हैं।'' गीतांजलि मिश्रा, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश सिंह का किरदार निभा रही हैं और उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं, ने कहा, ''उत्तर प्रदेश ऐतिहासिक स्थलों का खजाना है। यहां पर ताज महल, रूमी दरवाजा, पंच महल और चुनार फोर्ट जैसे कई ऐतिहासिक इमारते हैं, जो इसे इतिहास और वास्तुकला में दिलचस्पी रखने वाले लोगों के लिये इसे स्वर्ग बनाती हैं। यह बेशक भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है, जो अपने घूमने योग्य स्थानों के साथ दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है। वाराणसी, जोकि मेरा होमटाउन है, इस राज्य में मेरा एक सबसे पसंदीदा स्थान है। यह भगवान शिव की नगरी के रूप में मशहूर है, जहां विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर स्थित है, जो आपको जरूर देखना चाहिये। मुझे आगरा का ताजमहल भी बेहद पसंद है, जोकि अटूट प्रेम और वास्तुशिल्प सौंदर्य का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश में तरह-तरह के व्यंजन और स्ट्रीट फूड्स मिलते हैं, जो मुझे बेहद पसंद हैं। लिट्टी चोखा, चूड़ा मटर, टमाटर चाट, कचौरी और समोसा तथा कुल्हड़ वाली चाय कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनका स्वाद आप कभी भूला नहीं पायेंगे।'' शुभांगी अत्रे, जोकि मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं और 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''मध्य प्रदेश भारत का दिल है और यहां पर ढेरों ऐतिहासिक स्थल हैं, जो इसे वैश्विक पर्यटकों के लिये एक अवश्य घूमने योग्य जगह बनाते हैं। यह राज्य अपनी साफ सफाई के लिये मशहूर है और आगंतुकों को एकदम घर जैसा अनुभव कराता है। यहां पर कई ऐतिहासिक स्थल हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से तैयार किया गया है, जैसे कि खजुराहों के हिन्दू एवं जैन मंदिर, जो अपनी अद्भुत मूर्तियों के लिये जाने जाते हैं। यहां का अपना एक पसंदीदा स्थान बता पाना मेरे लिये काफी मुश्किल काम है।





## मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल

**रायपुर।** मीशो ने मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 6 अक्टूबर से शुरू किए जाने कि घोषणा कि। कंपनी अपने बहुमूल्य ग्राहकों को किफ़ायती मूल्य में आसानी से विस्तृत संग्रह और बेहतरीन अनुभव प्रदान करती रहेगी। 30 श्रेणियों में 14 लाख से ज़्यादा विक्रेताओं और 12 करोड़ उत्पादों के साथ मीशो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि इन त्योहारों पर पूरे भारत में ग्राहकों को ढेर सारे किफायती विकल्प मिल सकें। पर्सनल केयर एवं ब्यूटी, होम एवं किचन और इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ जैसी श्रेणियों में साल-दर-साल 100त्न वृद्धि होने की उम्मीद है। त्योहारों से पहले मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर एक इनोवेटिव लॉयल्टी प्रोग्राम पेश किया है, जो ग्राहकों और विक्रेताओं, दोनों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया है। इस लॉयल्टी प्रोग्राम के अन्तर्गत यूज़र्स को त्योहारों के पूरे सीज़न में खरीदारी का सुगम अनुभव मिलेगा, और वह मीशो का विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो बेहतर तरीके से प्राप्त कर पायेंगे इसके अलावा, मीशो ने मीशो गोल्ड भी लॉन्च किया है, जिसमें एथनिक वियर, ज्वेलरी और होम एवं किचन जैसी श्रेणियों में भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का विस्तृत संग्रह शामिल है। ये उत्पाद रिव्यू और उपलब्धता आदि के आधार पर संकलित किए गए हैं।

## सीरत कपूर ने 'आओ ना' से सिंगर के रूप में किया डेब्यू

तेलुगू सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस सीरत कपूर ने 'आओ ना' गाने से अपने सिंगिंग की शुरुआत की है, जो मंगलवार को जारी किया गया। गाने में अमन प्रीत सिंह भी हैं जो एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह के भाई हैं। रोमांटिक टाइटल ट्रैक दिल छू लेने वाला गाना है। इसमें सीरत कपूर और अमन प्रीत के बीच शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है।गाने के म्यूजिक वीडियो में अमन प्रीत फोटोग्राफर के रोल में हैं और सीरत कपूर एक सुपर मॉडल हैं। अमन सीरत की सुंदरता की ओर खींचे चले जाते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। वह सीरत को अपनी गर्लफ्रेंड के रूप में कल्पना करते हैं और उसके साथ बेहतरीन समय बिताते हैं। लेकिन, बाद में उन्हें एहसास होता है कि यह सिर्फ एक सपना है।



## ईशा शर्मा प्यार में यकीन रखने वाली कश्मीरी लड़की पश्मीना की भूमिका निभाएंगी

टेलीविज़न पर अपनी तरह का पहला शो, सोनी सब का 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' कश्मीर की जादुई घाटी में सेट और शूट की गई एक खूबसूरत प्रेम कहानी लाने के लिए तैयार है। यह मनमोहक कहानी पश्मीना (ईशा शर्मा द्वारा अभिनीत) और राघव (निशांत मलकानी द्वारा अभिनीत) के जीवन पर आधारित है, जो पूरी तरह से अलग दुनिया से ताल्लुक रखते हैं, जिन्हें नियति साथ लाई है।



इस मनोरम कहानी के केंद्र में एक जीवंत और उत्साही युवती पश्मीना है, जो प्यार पर विश्वास करती है और सपना देखती है कि उसकी भी अपनी एक अनोखी प्रेम कहानी हो। कश्मीरी भूमि की मूल निवासी, वह उत्साह, सकारात्मकता और बेहद प्यारी मुस्कान से भरी हुई है और कश्मीर आने वाले पर्यटकों को अपनी हाउसबोट किराए पर देती है। उसके जीवन में एक रोमांचक मोड़ आता है जब उसकी मुलाकात प्यार के बारे में विपरीत विचार रखने वाले मुंबई के एक सफल व्यवसायी राघव से होती है, जिससे विचारधाराओं के टकराव के लिए मंच तैयार होता है। पश्मीना सूरी की भूमिका निभाने वाली ईशा शर्मा ने कहा, ÷मैं पश्मीना के किरदार से बेहद जुड़ाव महसूस करती हूं, जो मानती है कि प्यार जादू है और जब आप प्यार में होते हैं और इसके जुनून का अनुभव करते हैं तो सब कुछ जादुई लगता है। कश्मीर में शूटिंग करना किसी सपने को जीने जैसा अनुभव है और इससे हमें अपने किरदार को उसकी सच्चाई के साथ जीने में मदद मिलती है। ऐसे शो का हिस्सा बनना वाकई सम्मान की बात है, जो टेलीविज़न पर कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस शो को उसी जुनून और समर्पण के साथ स्वीकार करेंगे, जैसे जुनून व समर्पण के साथ हमने इसमें काम किया है।

## भारतीय संगीत उद्योग पर इंडियन आइडल का जबर्दस्त प्रभाव पड़ा हैः कुमार सानू

इंडियन आइडल सीज़न 14 की मनमोहक थीम ÷एक आवाज़, लाखों एहसास÷ उन जादुई आवाज़ों पर प्रकाश डालती है जिनमें दर्शकों के दिलों में जज़्बातों का सिलसिला शुरू करने की जबर्दस्त क्षमता है। लेकिन शो के इस सीज़न में जज के रूप में बॉलीवुड के किंग ऑफ मेलोडी, कुमार सानू का डेब्यू होने जा रहा है, जो इस बहुचर्चित फॉर्मेट में एक नया पहलू जोड़ेगा। श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी के साथ, कुमार सानू प्रतियोगियों के साथ इस कला की बारीकियां साझा करेंगे, जो उनकी क'ची प्रतिभा को निखारने में मदद करेगी। एक खास चर्चा में, इस सदाबहार गायक ने इस सीज़न के लिए अपना उत्साह और संगीत जगत में अपने सफर के बारे में बताया,



**1.इस सीज़न में जज के रूप में इंडियन आइडल में शामिल होने के लिए आपको किस बात ने प्रेरित किया?**

मैंने हमेशा इंडियन आइडल के मंच पर एक सेलिब्रिटी गेस्ट और जज के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई है, लेकिन इस बार, मैं पूरे सीज़न के लिए जज के रूप में आना चाहता था। यह प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो देश के कुछ सबसे प्रतिभाशाली और असाधारण गायकों के लिए एक लॉन्चपैड प्रदान करने में मददगार है, जिन्होंने मनोरंजन उद्योग में अपनी गायन क्षमता का प्रदर्शन किया है। इस सीज़न में जज के रूप में अपनी जिम्मेदारी के साथ, मैं गायकों की अगली पीढ़ी के विकास और पोषण के लिए उत्सुक हूं।

**2. संगीत उद्योग में आपका लंबा और शानदार करियर रहा है। इस सीज़न में इंडियन आइडल प्रतियोगियों में आप क्या गुण तलाश रहे हैं?**

इतने वर्षों तक भारतीय संगीत उद्योग का हिस्सा बनना एक शानदार सफर रहा है और मैं अपने रास्ते में आए कई अवसरों के लिए बहुत आभारी हूं। जहां तक इंडियन आइडल पर प्रतिभा को परखने की बात है, तो ऐसी कई खूबियां हैं जिनकी मैं तलाश करूंगा। सबसे पहले और सबसे जरूरी बात, मैं एक ऐसी आवाज़ की तलाश में हूं जो विशिष्ट, भावुक हो और श्रोताओं की भावनाओं को छूने की क्षमता रखती हो। दूसरा, गायन के अलावा, मैं एक संपूर्ण प्रदर्शन की तलाश करूंगा जिसमें मंच पर उपस्थिति, आत्मविश्वास और जुनून जैसी बातें शामिल हैं।

**आप प्रतियोगियों को हतोत्साहित किए बिना उन्हें रचनात्मक प्रतिक्रिया प्रदान करने की योजना कैसे बनाते हैं?**

प्रतियोगियों की जन्मजात प्रतिभा को विकसित करते समय, आलोचनात्मक लेकिन रचनात्मक प्रतिक्रिया देना जरूरी है। मैं व्यक्तिगत रूप से खुला और ईमानदार होने के साथ-साथ सहयोगी होने में भी विश्वास करता हूं। एक जज के रूप में, मैं उनकी ताकत पर ध्यान केंद्रित करूंगा और सुधार के लिए मार्ग प्रशस्त करूंगा। साथ ही, संगीत जीवन भर सीखने का अनुभव है, और मैं इस दौरान उनकी मदद करने के लिए मौजूद रहूंगा।

**4.पिछले कुछ वर्षों में, इंडियन आइडल ने कुछ अविश्वसनीय प्रतिभाएं पैदा की हैं। क्या आप इस बारे में अपने विचार साझा कर सकते हैं कि इंडियन आइडल जैसे मंच भारतीय संगीत जगत में कैसे योगदान देते हैं?**

इंडियन आइडल का भारतीय संगीत उद्योग पर जबर्दस्त प्रभाव पड़ा है। वे अनदेखी प्रतिभा को चमकने और आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। इन वर्षों में, इस शो ने न केवल महान गायक तैयार किए हैं, बल्कि उन्हें व्यापक दर्शकों के साथ जुड़ने का अवसर भी प्रदान किया है। यह ताज़ा आवाज़ों को उजागर करने और विकसित करने का एक उत्कृष्ट तरीका है जो हमारे संगीत परिदृश्य को और ऊपर उठा सकता है। इस सीज़न में, हम कुछ अनोखी गायन प्रतिभाओं की तलाश कर रहे हैं जो 'एक आवाज़ लाखों एहसास' के मूलमंत्र को जीवंत करेंगी।

**5. आपने अपने पूरे करियर में कई प्रतिभाशाली कलाकारों और संगीतकारों के साथ काम किया है। क्या आपके सफर का कोई यादगार अनुभव या सबक है जिसे आप प्रतियोगियों के साथ साझा करना चाहेंगे?**

अपने पूरे करियर में, मुझे महान और प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ काम करने का सम्मान मिला है। एक बात जो मैं प्रतियोगियों को सिखाना चाहूंगा वह है कड़ी मेहनत और समर्पण का मूल्य। अकेले प्रतिभा आपको आगे तक नहीं ले जाएगी; अभ्यास, अपने पेशे के प्रति समर्पण और सीखने की इ'छा ही आपकी आगे की यात्रा को आकार देंगे। इसके अलावा, गाते समय अपनी विशेष शैली और भावना के प्रति वफादार रहना एक स्थायी प्रभाव बनाने के लिए जरूरी है।

**6. आपके जज रहते हुए दर्शक इंडियन आइडल के इस सीज़न से क्या उम्मीद कर सकते हैं?**

'इंडियन आइडल' का यह सीज़न सही मायनों में 'संगीत का सबसे बड़ा त्यौहार' होने वाला है! इसमें अद्भुत संगीत, भावनात्मक पल और दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होने वाला है। मुंबई की सुभदीप ने 'अमी जे तोमार' (भूल भुलैया 2) की शानदार प्रस्तुति से हमें प्रभावित किया, वहीं फरीदाबाद की आद्या मिश्रा ने फिल्म 'ओमकारा' से 'नमक इश्क का' गाने की प्रस्तुति से हमें प्रभावित किया। कर्नाटक की शिवानी स्वामी ने ÷मस्त कलंदर÷ की शास्त्रीय प्रस्तुति दी - मैं उनकी प्रतिभा से अभिभूत हो गया हूं। गुवाहाटी, असम की मिस्मे बोस ने देवदास के मशहूर गाने मोरे पिया की मधुर प्रस्तुति से हमें मंत्रमुग्ध कर दिया, जो मेरी साथी जज श्रेया घोषाल द्वारा गाया गया था।

## कहीं खुशी कहीं गम!

एण्डटीवी के शो 'दूसरी मां' में यशोदा अशोक को घर वापस लाने का हर संभव प्रयास करेगी। वहीं 'हप्पू की उलटन पलटन' में हप्पू के हमशक्ल की एंट्री होगी और 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति एक अमीर भिखारी की भूमिका निभायेगा। एण्डटीवी के 'दूसरी मां' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, ''यशोदा (नेहा जोशी) अशोक (मोहित डागा) से मिलती है और उससे घर वापस चलने के लिये कहती है, लेकिन वह मना कर देता है और कहता है कि वह अब एक साधु की जिंदगी जीना चाहता है। यशोदा मंडल बाबा से भी विनती करती है कि वह अशोक को अपना प्रण तोड़ने के लिये कहकर उसे घर जाने के लिये मनायें, लेकिन मंडल बाबा कहते हैं कि वह किसी को भी मजबूर नहीं करते हैं, क्योंकि हर इंसान को अपना रास्ता खुद चुनना चाहिये। उनका जवाब सुनकर यशोदा उदास हो जाती है और घर वापस लौट आती है, जहां अरविंद (मयंक मिश्रा), कामिनी (प्रीति सहाय) और बंसल यह खबर सुनकर खुश हो जाते हैं। इस बीच, दूसरी ओर शमशेरा (स्वतंत्र भारत) दादाजी (सुनील दत्त) को कृष्णा (आयुध भानुशाली) को अपनाने के लिये मनाने की कोशिश करता है। दुःख से व्याकुल होकर यशोदा शमशान में चली जाती है और विनती करते हुये कहती है ''भगवान जी, मेरी मदद कीजिये। उसकी निराशा के बीच, मंडल बाबा यशोदा के पास पहुंचते हैं और उसे उम्मीद की एक किरण दिखाते हुये कहते हैं कि अशोक को साधु (बाबा) का दर्जा केवल तभी मिल सकता है, जब उसका परिवार उसे आखिरी दीक्षा देगा।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) का हमशक्ल मुथ्थु कमिश्नर (किशोर भानुशाली) से एक पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिये हप्पू का अपहरण कर लेता है। मुथ्थु हप्पू का वेश बनाकर आ जाता है और उसके घर में घुस जाता है। वह बार-बार कमिश्नर को जान से मारने की कोशिश करता है, लेकिन हर बार असफ्ल रहता है। इस बीच राजेश (गीतांजलि मिश्रा) नकली हप्पू को लुभाने की कोशिश करती है, लेकिन वह हर बार कोई न कोई बहाना बना देता है। उसके व्यवहार से परिवार के सदस्यों को नकली हप्पू पर शक होने लगता है। इस बीच, असली हप्पू अपने अपहरणकर्ता के चंगुल से भाग निकलने में कामयाब होता है। आश्चर्यजनक रूप से हप्पू और मुथ्थु दोनों ही एक-दूसरे के सामने पहुंच जाते हैं और दोनों को एकसाथ देखकर परिवार वाले चैंक जाते हैं।''

# नक्सलगढ़ में कपास की खेती से लखपति बन रहे किसान

## एक एकड़ में होती है दस क्विंटल की खेती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 1 अक्टूबर।** सल्वा जुडूम के बाद ये इलाका पूरी तरह उजड़ गया था। यहां के किसान पलायन कर रहे थे या फिर कैंपों में रह रहे थे। खेती में सिर्फ धान वो भी कैंप के आसपास लगाते थे। लेकिन अब बदलाव आ रहा है। यहां सड़कें बन गई है और आन्ध्रप्रदेश व तेलंगाना से आवागमन बहुत बढ़ गया है। जिसके कारण यहां के किसान अब कपास की खेती कर रहे हैं, जिससे उनको लागत से दूगनी रकम मिल रही है। खासकर आन्ध्र व तेलंगाना की सीमा से लगा हुआ इलाका है जहां अधिकांश खेतों में कपास की फसल लहरा रही है। यहां किसान प्रति एकड़ दस क्विंटल की फसल साल में एक बार लेते हैं। बाकी धान की फसल लेते हैं। कपास की कीमत भी काफी अच्छी है लेकिन देखभाल ज्यादा करना पड़ती है। कोंटा ब्लाक के मरईगुड़ा, किस्टाराम, गोलापल्ली, मेहता, सिघनगुड़ा ऐसे दर्जनों गांव है जहां सैकड़ों एकड़ में कपास की खेती लहरा रही है। किसानों ने बताया कि 2005 से पहले कुछ किसान कपास की खेती करते थे और बाकी धान की अच्छी खेती होती थी। लेकिन सल्वा जूडूम के बाद खेती-किसानी लगभग बंद



हो गई थी। कुछ किसान सीमावर्ती प्रदेश आन्ध्र प्रदेश पलायन कर गए और कुछ कैंपों में जीवन-यापन करने लगे। लेकिन अब ऐसा नहीं है पिछले कुछ सालों से स्थिति सामान्य हो रही है। अब यहां के किसान खेती में कपास लगा रहे है वो भी अच्छी क्वालिटी की ताकि उसके दाम अच्छे मिल सके। किसानों ने बताया कि एक एकड़ में लगभग 10 क्विंटल कपास की खेती हो जाती है। साल में एक बार कपास की खेती होती है। कपास लगाने के बाद देखभाल करना पड़ता है वरना कीड़े फसल को बर्बाद कर देते हैं। खेतों में दवा का छिड़काव हर सप्ताह करना पड़ता है। लेकिन बाकी फसलों की अपेक्षा कम पानी व देखभाल की जरूरत होती है। उसके बाद कपास को सीमावर्ती प्रदेश के मंडियों में बेच देते हैं। एक एकड़ में करीब 30 हजार की लागत आ जाती है। और कपास के लगभग 60 हजार रूपए मिल जाते है। वहीं बाकी दिनों में धान की फसल ले लेते है उसके अलग से पैसे मिल जाते हैं। अब यहां अधिकांश किसान कपास की खेती ही करते हैं।

### आन्ध्रप्रदेश व छत्तीसगढ़ के खेतों में अब नहीं है फर्क

पहले जब कोंटा के बाद किस्टाराम के लिए जाते थे तो सड़क के एक हिस्से में आन्ध्र प्रदेश के किसानों की खेती में फसले लहराती दिखती थी। और दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के किसानों की खेती जो बंजर जैसी दिखती थी। खासकर आन्ध्र प्रदेश के पेदानल्लापल्ली से जब किस्टाराम के लिए जाते थे तब आन्ध्र प्रदेश की सीमा खत्म होते ही बंजर खेत और घने जंगल दिखते थे। सूनसान इलाका और आवागमन न के बराबर था लेकिन अब ऐसा नहीं है। उस सड़क पर दिनभर वाहनों की तांता रहता है। और गांवों व खेतों में रौनक लौट आई है।

## एक नजर

### कवासी लखमा ने तोंगपाल में जलनी माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



**सुकमा 1 अक्टूबर।** जनसम्पर्क के दौरान माननीय मंत्री कवासी लखमा जी तोंगपाल में जलनी माता के दर्शन कर बस्तर क्षेत्र व प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किये। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आदिवासियों का विकास हो रहा है। ग्राम वासियों को आत्मनिर्भर होने के लिए टेंट सौपा जा रहा है। गांव में कोई भी कार्यक्रम होने पर टेंट के लिए पैसा लगता रहा, आज आप सभी का टेंट होने से इसका उपयोग कर सकते है, इससे साथ पैसों की बचत होगी। आज हमारी सरकार राजीव मितान के माध्यम से युवाओं के भविष्य को संजोने का काम कर रही है, खेल सामाग्री के साथ ही छोटे मोटे काम के लिए पैसों की दिक्कत न हो इसके लिए साल में 01 लाख देने का काम कर रही है। आज 04 रुपये मानक बोरा तेंदुपत्ता की खरीदी कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही है जिससे आदिवासीयो को आर्थिक लाभ मिल रहा है। इन 15 साल में केदार कश्यप आदिवासी मंत्री रहा लेकिन आप सभी से कभी मिलने नही आया! आने वाले समय मे काँग्रेस पार्टी का समर्थन देते हुए पुनः भूपेश बघेल जी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाना है।

### नक्सल पीड़ित से जन्म प्रमाणपत्र के लिए 1500 रुपये की मांग



**सुकमा1 अक्टूबर।** सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत बोकड़ा ओडार के रहने वाले नक्सल पीडित आदिवासी युवक धनीराम को अपने पुत्र का जन्मप्रमाण पत्र बनाने हेतु तहसील कार्यालय छिंदगढ़ में लगातार 1500 रु की मांग की जा रही थी पीड़ित के पास उतनी राशि नहीं होने पर उसने आर्थिक मदद करने हेतु भाजपा दीपिका शोरी से मिलने उनके घर पहुंचा। इस पर दीपिका ने पैसे की आवश्यकता का कारण पूछा जिस पर पीड़ित ने उन्हें तहसील कार्यालय छिंदगढ़ में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के एवज में 1500 रु की नाजायज मांग के विषय में बताया ,इस बात को सुनकर दीपिका ने तहसीलदार छिंदगढ़ को फोन लगाकर इसकी जानकारी दी।

दीपिका ने बताया कि मेरे फोन करने पर तहसीलदार ने धनीराम को बुलाकर तत्काल प्रमाणपत्र दिलवा दिया परन्तु तहसील कार्यालय में राशि मांगने की बात से अपनी अनभिज्ञता जाहिर की परन्तु यह कैसे हो सकता है कि प्रतिदिन सैकड़ो की तादात ग्रामीण यहां प्रमाणपत्र बनवाने आते है उनसे निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त राशि वसूली जा रही हो और कार्यालय प्रमुख को इसकी जानकारी न हो इसके बाद भाजपा दीपिका ने स्वयं तहसील कार्यालय जाकर तस्दीक की वहाँ उपस्थित बहुत से ग्रामीणों से दीपिका ने बात की तो पता चला कि यहाँ प्रमाण पत्र हेतु निर्धारित राशि से अधिक राशि की वसूली की जा रही थी,भाजपा दीपिका ने कहा कि छिंदगढ़ के तहसीलदार से मिलने का लगातार प्रयास किया परन्तु तहसीलदार से मुलाकात नहीं हो पाई मैं मीडिया के माध्यम से कलेक्टर सुकमा से अपील करती हूं कि समस्त तहसील कार्यालय में जांच की जाए व ग्रामीणों को इन अनियमितताओं से राहत दिलाया जाए। इस विषय पर छिंदगढ़ के तहसीलदार योपेन्द्र कुमार पात्रे से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने कार्यालय में नहीं हैं , बताया कहा कि इस मामले में मुझे अधिवक्ता दीपिका शोरी का फोन आया था मैंने उक्त पीड़ित को तत्काल प्रमाणपत्र दिलवा दिया था मेरे कार्यालय में राशि की मांग की जानकारी मुझे नहीं हैं मैं पता कर उचित कार्यवाही करूँगा। धनीराम के पिता की जन अदालत में नक्सलियों ने हत्या की थी . विदित हो कि धनीराम के पिता आयताराम मंडावी समाज सेवा का कार्य करते थे ।

# भारत के स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल हुआ एनएमडीसी

**हैदराबाद, 1 अक्टूबर।** अग्रणी सीपीएसई, एनएमडीसी 15 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक राष्ट्रीय स्वच्छता आंदोलन स्वच्छता ही सेवा में शामिल हुआ। स्वच्छता ही सेवा अभियान के एक भाग के रूप में, कर्मचारियों ने आज अपने प्रधान कार्यालय और देश भर में स्थित अपनी परियोजनाओं में एक स्वच्छ और हरित राष्ट् के प्रति स्वच्छता के लिए प्रत्येक सप्ताह अपने 2 घंटे समर्पित करने का संकल्प लिया। श्रमदान की भावना से, एनएमडीसी कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर अपने डेस्क, अलमारियों, कार्यालयों और कर्मशालाओं की सफाई करके अभियान शुरू किया। स्वच्छता के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने के




लिए प्रतिबद्ध एनएमडीसी टाउनशिप, बाजारों, बस अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान आयोजित कर रहा है। कंपनी ने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को खत्म करने के लिए अपने आंतरिक और बाहरी हितधारकों को प्रोत्साहित करके प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक जागरूकता अभियान भी शुरू किया। अभियान में बच्चों को शामिल करते हुए, एनएमडीसी ने अपने परियोजना विद्यालयों में स्वच्छता शपथ दिलाई और स्वच्छता ही सेवा के विषयों पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। एनएमडीसी ने संपूर्ण स्वच्छता प्राप्त करने के देश के विजन की दिशा में हैदराबाद में अपने प्रधान कार्यालय और पूरे भारत में अपनी परियोजनाओं के माध्यम से एक व्यापक जन-अभियान की योजना तैयार की है। देश की जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी भारत के लिए एक सुस्थिर भविष्य बनाने के लिए समर्पित है। स्वच्छ भारत अभियान के बारे में कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा हमें संगठित रूप से स्वच्छ भारत, हरित भारत की दिशा में अपने संसाधनों को समर्पित करना चाहिए। बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए राष्ट्रीय स्वच्छता आंदोलन में भाग लेने पर एनएमडीसी को गर्व है। एनएमडीसी 1 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान 1 तारीख,1 घंटा 1 साथ भी चलाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली, कर्नाटक में दोणिमलै और मध्य प्रदेश में पन्ना; प्रत्येक परियोजना के एक-एक गांव को शामिल किया जाएगा।

# प्रशासनिक अधिकारी आम जनता की पहुंच से दूर हुए:कृष्णाकांत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 1 अक्टूबर।** राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा सभी शासकीय कार्यालय एवं अधिकारियों को संपर्क हेतु शासकीय नंबर जारी किया गया है। ताकि वह सुगमता से दूरस्थ अंचल में निवास रत गरीबों की भी आवाज सुन सके किंतु दुर्भाग्य की बात है, धमतरी जिला के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा फोन नहीं उठाते जिस कारण कई घटनाएं घटित हो जाती है जिसे टाला जा सकता है। जिसके कारण कई सार्वजनिक संपत्तियों का नुकसान सरकार को उठाना पड़ता है। उपरोक्त बातें कुरूद विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता कृष्णकांत साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी कर्मचारियों की



उदासीनता एवं अडीयल रवैया के कारण आम आदमी का भरोसा सरकार पर से उठते जा रहा है उदाहरण के लिए कुरुद सिविल अस्पताल का बीएमओ के कारण कई आपातकाल स्थितियों में मरीजों को दूसरे शहर की ओर जाना पड़ता है जिससे उन्हें आर्थिक बोझ तो पड़ता ही है। कई बार इलाज में देरी होने से जान से भी हाथ धोने का भय बना रहता है । बमो अक्सर शनिवार रविवार को और छुट्टी के दिनों कार्यालय से नदारत रहते है ।विधायक प्रतिनिधि ने कहा है कि कुरुद एसडीएम की लापरवाही के कारण खुले आम खनिज संपदा की चोरी हो जाती है जिसकी सूचना देने के लिए नागरिकों द्वारा की गई फोन नहीं उठाने से राज्य को आर्थिक क्षति झेलनी पड़ती है ऐसे आनेको उदाहरण देखने को मिलता है।

## मतदान बूथ शिफ्टिंग को लेकर हंगामा, जिले में ग्रामीणों ने जताया विरोध

**सुकमा 1 अक्टूबर।** बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनाव को लेकर बहिष्कार की खबरें अक्सर सुनने को मिलती है. वहीं छत्तीसगढ़ के सुकमा में लोकतंत्र का हिस्सा बनने के लिए लोग धरना प्रदर्शन कर रहे है. सुकमा जिला मुख्यालय में गुरुवार को कई सारे ग्रामीणों ने मतदान बूथ की शिफ्टिंग के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया. गांववासियों ने जिला तहसीलदार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम से ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों की मांग है कि पोलिंग बूथ को गांव में पहले की तरह ही रखा जाए. शिफ्टिंग से मतदाताओं को बड़ी परेशानी होगी. मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए मतदाताओं को 10-15 किमी लंबा सफर तय करना होगा. दरअसल, सुकमा जिला प्रशासन ने मारोकी, गुफड़ी, गोंदपल्ली, गोंडेरास, डब्बा और पाण्डूपारा के मतदान केंद्रों को अतिसंवेदनशील बताते हुए शिफ्ट कर दिया है. बताए गए सभी मतदान बूथ में करीब 5 हजार से ज्यादा मतदाता हैं. ग्रामीणों का कहना है कि आदिवासी लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहते हैं।

# नारी चेतना जागृति सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका पर चर्चा की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 1 अक्टूबर।** दन्तेवाड़ा जिले के जावंगा आडिटोरियम में शनिवार को नारी चेतना जागृती सम्मेलन का आयोजन हुआ । यह कार्यक्रम महिला समन्वय विभाग दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की विभाग संयोजिका पार्वती परिहार , सह संयोजिका कंचन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस सम्मेलन में मुख्य रूप से भारतीय चिंतन में महिला, महिलाओं की स्थानीय समस्या व करणीय कार्य, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई । प्रथम सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन व राज्यगीत से की गई । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मलेशिया यादव सेवानिवृत्ति रिटायर्ड पीटीआई खेल अनुदेशिका शिक्षिका, मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर वर्णिका शर्मा राष्ट्रीय सेविका समिति दक्षिण बस्तर प्रभारी ,




विशिष्ट अतिथि के रूप में आशा सिंह पुलिस विभाग दंतेवाड़ा से मौजूद रहे । वही दूसरे सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर नीता साहू डेंटिस्ट दंतेवाड़ा, मुख्य प्रवक्ता इंदिरा महापात्र रहे, आओ गणेश संस्कारवान पीढ़ी के बारे में उनके द्वारा व्याख्यान किया गया। तीनो जिलों से आए अतिथियों द्वारा गठ चर्चा भी की गई। वही गायत्री परिवार के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी भी गई। कार्यक्रम के समापन के पश्चात उपस्थित सभी के लिए स्वल्पाहार,भोजन की भी व्यवस्था रखी गई थी। कार्यक्रम में महिला समन्वय विभाग नई चेतना जागृति सम्मेलन में मुख्य रूप से विभाग संयोजिका पार्वती परिहार , दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला संयोजिका कमला विनय नाग , बीजापुर जिला गायत्री ठाकुर , सुकमा जिला वेंकट रामा सलामत उपस्थित रहे एवं बड़ी संख्या में महिलाएं वह बच्चों की उपस्थिति भी कार्यक्रम में दर्ज की गई।

## छत्तीसगढ़ के मंत्री कवासी लखमा ने सुकमा जिले के संवेदनशील क्षेत्र का दौरा किया

# मंत्री ने 30 बिस्तर अस्पताल,तहसील कार्यालय एवं धान खरीदी केंद्र का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 1 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री कवासी लखमा ने बीते दिन सुकमा जिला के संवेदनशील क्षेत्र के दौरे पर रहे । इस दौरान उन्होंने ने ग्राम जगरगुण्डा में 30 बिस्तर अस्पताल, तहसील कार्यालय और किस्टारम में धान खरीदी केंद्र का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक व्यक्तियों के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के प्रयासों से अंदरूनी इलाके तक विकास हुआ हैं और आगे भी निरंतर प्रयास जारी हैं । उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता हैं इसे पूरा करने




निरंतर प्रयास जारी हैं और कहा कि सड़क से ही विकास के रास्ते खुलते हैं, आज एल्मागुंडा तक सड़क पहुंची हैं जिससे वहां की तस्वीर बदली हैं ।

अपने सुकमा जिला प्रवास के दौरान मंत्री कवासी लखमा ने किस्टारम में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से हुए रूबरू। चौपाल लगाकर ग्रामीणों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री कवासी लखमा को अपने बीच पाकर ग्रामीणजन काफी खुश नजर आए । बता दे कि हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 24 सितम्बर को जिले को 273 करोड़ से अधिक रुपए का 137 विकास कार्यो का जिलेवासियों को लोकार्पण एवम् शिलान्यास कर सौगात दी । इस अवसर जिला पंचायत उपाध्यक्ष शबोड्डू राजा कांग्रेस नेता जाकिर हुसैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी एवमं अलग अलग स्थानों में हुए सभाओं में बड़ी संख्या में ग्राम वासी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### रायपुर में आयोजित मेडिटेशन कैम्प में गीदम की महिलाएं हुई सम्मानित

**गीदम 1 अक्टूबर।** शुक्रवार को सेल्फ अवेकिंग मिशन ट्रस्ट बाई संजीव मालिक की टीम द्वारा रायपुर के होटल आदित्य में मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया गया ।इस आयोजन मे अलग-अलग जगहों से लगभग 95 लोगों ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर संस्था के संचालक संजीव मलिक ने तनाव रहित जीवन जीने की विधियां बताई , इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर हम सुबह जल्दी उठकर प्रकृति से जुड़े रहे और हर रोज मेडिटेशन करे तो जीवन में सब तरह के तनाव, दुख-दर्द से छुटकारा पा सकते है ।इसके अलावा मेडिटेशन से जुड़ी तमाम जानकारिया इस कैम्प में दी गई ।साथ ही कार्यक्रम में बेहतर योगदान के लिए गीदम की तीन महिलाए आराधना तिवारी , उपासना वर्मा व शशि चंद्राकर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।



### शारदीय नवरात्र की तैयारी को लेकर गीदम में साहू समाज की हुई बैठक



**गीदम 1 अक्टूबर।** गीदम तहसील साहू समाज द्वारा साहू समाज भवन में शारदीय नवरात्र की तैयारियों को लेकर बैठक आहूत की गई ।जिसमें 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र पर नौ दिनों तक होने वाली पूजा अर्चना , पंडाल में पदयात्रियों के लिए सुविधा , व्यवस्था , यहां होने वाले भजन कार्यक्रम जैसे कई व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई ।इस दौरान समाज के सभी लोगो को इस पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाने व व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखने को लेकर भी चर्चा हुई ।गौरलतब है कि साहू समाज द्वारा पिछले कई वर्षो से नवरात्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता रहा है , देवी की प्रतिमा स्थापना समेत नौ दिनों तक पदयात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था समेत कई तरह के धार्मिक आयोजनं भी यहां किए जाते है ।इस बैठक में तहसील साहू समाज अध्यक्ष पंचूराम साहू , पूर्व जिलाध्यक्ष साहू समाज इतवारी साहू , सचिव नारायण साहू , युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सन्तोष साहू , संरक्षक दसरथ साहू समेत समाज के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए मंत्री लखमा

**सुकमा 1 अक्टूबर।** जनसंपर्क के दौरान लेदा, सगुनघाट व चिउरवाड़ा पहुँच ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए उन्होंने सभी का हाल चाल



जाना। उन्होंने ज़न सभा को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई जा रही ज़न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कर्ज माफी, 2640 में धान खरीदी, देवगुड़ी निर्माण, चना गुड़ वितरण, भूमिहीन किसानों को सात हजार सालाना, बिजली बिल हाफ, वन अधिकार पट्टा वितरण, दाई दीदी क्लीनिक योजना के बारे में जानकारी दी। कांग्रेस की सरकार आपके हर दुख सुख में शामिल होने वाली सरकार है। अपना भरोसा कांग्रेस सरकार पर रखते हुए आपने 2018 में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई जिसने जमीनी स्तर पर विकास कार्य को गति दी।



**सुकमा 1 अक्टूबर।** नगरपालिका में भंडारा की तैयारी चलते हुए ।आज शाम 7 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन नगरपालिका सुकमा में किया जा रहा हैं आप सभी भक्तजनों से निवेदन हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर प्रसाद ग्रहण करें और भंडारा को सफल बनावें ।

एक नजर

## भूपेश सरकार की नई घोषणा और योजनाओं से घबरा रही भाजपाःराशि

**महासमुंद,1 अक्टूबर।** कांग्रेस नेत्री और नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनहित को देखते चुनावी घोषणा पूरी होने के बाद की जा रही नई घोषणाओं और योजनाओं से भाजपा और उनके नेता घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से बार-बार मांग के बाद भी जब राज्य को पीएम आवास की स्वीकृति नहीं मिली, तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छग ग्रामीण आवास योजना शुरू की। पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय द्वारा ह्यमुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजनाह्न को अव्यवहारिक और सरकार का एक और झूठ कहे जाने पर राशि महिलांग ने कहा कि भाजपा 15 साल तक प्रदेश की सत्ता में रही। उन्होंने ऐसी योजना पर कभी विचार ही नहीं किया। योजना को पांडेय झूठा और छल बता रहे हैं। छल और झूठ कांग्रेस नहीं, बल्कि भाजपा बोलती है। उन्हें शायद याद होगा कि 2013 में सत्ता पाने के लिए भाजपा ने किसानों को बोनस देने की घोषणा की थी। सत्ता पाते ही वह घोषणा को भूल गई। श्रीमती महिलांग ने कहा कि सत्ता में रहते हुए भाजपाइयों ने ऐसी योजना शुरू करने की बजाए मोबाइल फोन वितरण के नाम पर घोटाला किया। आज जब भूपेश बघेल सरकार प्रदेश की जनता के हित में कार्य कर रही है और योजना बना रही है, तो भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ही होता है समरसता का विकासःनिखिल

**महासमुंद,1 अक्टूबर।** ग्राम गोड़पाली (झलप) में न्यू स्टार युवा गणेशोत्सव समिति व ग्रामवासियों के तत्वावधान में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 27 सितंबर को किया गया। इसमें दर्जनों डांस ग्रुपों, एकल, युगल प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका महासमुंद के सभापति निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान गणेश की पूजा कर क्षेत्र में शांति व संपन्नता के लिए आशीर्वाद मांगा। निखिलकांत ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ही गांव में समरसता का विकास होता है। डांस प्रतियोगिता भी प्रतिभाओं को निखारने का अच्छा प्लेटफार्म है। युवा भाई गांव के छोटे-बड़े कार्यो में सहभागी बन रहे हैं, यह खुशी की बात है। इस अवसर पर सोसाइटी अध्यक्ष राजू दीवान, प्रदेश सचिव आदिवासी कांग्रेस भूमिका ध्रुव, सरपंच कौशल्या पटेल, सौरभ लोधी, वैभव मिश्रा, दामू साहू, शेखर चौहान, हिमांशु साहू उपस्थित थे।अक्टूबर 2023 को क्षमदान के तहत नगर सरकार द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश सहिस, पार्षद रिया श्रीवास्तव, हेमा अग्रवाल, शकुंतला राठौर, श्वेता विश्वकर्मा, अनुसुईया मेहर, अमिता राठौर, रेशम गवेल, परदेशी यादव, ज्योति सिदार तथा एल्डरमैन हरिशंकर, जमील कुरैशी, गणेश फोटवानी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही।

## मिनीमाता सम्मान के लिए 5 तक नामांकन

**महासमुंद।** राज्य में महिला उत्थान के क्षेत्र में दिए जाने वाले मिनी माता सम्मान वर्ष-2023 के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। इच्छुक महिलाएं या अशासकीय संस्थाएं विभाग के संबंधित जिला कार्यालयों में पूर्ण जानकारी के साथ 05 अक्टूबर तक आवेदन कार्यालय समय में जमा कर सकते हैं। शासकीय-अर्धशासकीय संस्थाएं, शासकीय सेवक, पूर्व में यह पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति या संस्था सम्मान के लिए पात्र नहीं होंगे। ।

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को ग्राम सभा

बीजापुर। पंचायती राज्य अधिनियम 1993 की धारा 6 के तहत 02 अक्टूबर को ग्राम सभा आयोजन करने हेतु कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एंव समस्त सीईओ जनपद पंचायत को छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास के निर्देशानुसार विभिन्न जनहित के विषयों पर चर्चा करने एवं स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अन्य विषय वस्तुओं की ग्राम सभा के एजेण्डा में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। नवोदय विद्यालय मे आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों से कराया अवगत

## माओवादी कैंप ध्वस्त



**बीजापुर, 1 अक्टूबर।** थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत कुड़मेर-मदपाल के जंगलों में भैरमगढ़ एरिया कमेटी सचिव सुमित्रा, ष्टरूशंकर कारम एवं अन्य 10-15 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर छ्त्रन्न और 19,वी वाहिनी छसबल कैम्प बेचापाल की संयुक्त टीम दिनांक 29/09/2023 को माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी ।अभियान के दौरान दिनांक 30/09/2023 के सुबह 07ऱ00 बजे मदपाल के जंगलों में संयुक्त पार्टी द्वारा माओवादी कैम्प ध्वस्त किया गया ।पुलिस की उपस्थिति को भांपते हुए माओवादी कैम्प छोड़कर भाग खड़े हुए ।पुलिस पार्टी द्वारा कैम्प से डेटोनेटर, टूल्स, माओवादी वर्दी, पिट्ठू, माओवादी साहित्य, दवाईया एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री कैम्प से बरामद किया गया ।

स्वच्छता को अपने स्वभाव मे शामिल करने की जरूरत-मदन

# स्वच्छता ही सेवा कैम्पैन के तहत अग्रसेन भवन के आस-पास कराई सफाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 1 अक्टूबर।** समय के अनुरूप स्वच्छता को अब अपने स्वभाव मे शामिल करने की हर व्यक्ति को जरूरत है। स्वच्छता शरीर के अलावा जीवन का एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है,जिससे जुडकर हम अपने शरीर,अपना स्वभाव एवं अपने वातावरण को स्वच्छ बना सकते है। यह बातें अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने नगर पंचायत द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा कैम्पैन मे सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ आस-पास के ईलाके मे सफाई करने के दौरान कही। उन्होने शहरवासीयों से घर एवं दुकानो से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन या फिर नगर पंचायत की स्वच्छता वाहन मे एकत्रित करके देने की भी बात कही। उनका कहना था कि घर एवं दुकान से निकलने वाले कचरे को सडक किनारे ढेर बनाकर रख देने से नगर पंचायत के सफाई कर्मचारीयों का कार्य दोगुना बढ जाता है। आम नागरिक की जरा सी जागरूकता शहर के विकास मे सार्थक पहल ला सकती है। दरअसल गांधी जयंती के एक दिन पूर्व ही नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता ही सेवा कैम्पैन की शुरूवात की गयी है। दरअसल यह कैम्पैन भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा एक प्रोटोकॉल के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर संचालित किया जा रहा है,जिसमे नगर पंचायत द्वारा शहरी क्षेत्र के 15 वार्डो मे आज दिन रविवार को कैम्पैन की शुरूवात किये,जिसके तहत वार्ड क्रमांक 4 मे अग्रसेन भवन के सामने स्वच्छता पखवाडा चलाया गया,जिसमे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल,सरंक्षक रामलाल अग्रवाल,सचिव प्रयागराज अग्रवाल,वार्ड पार्षद सतीश अग्रवाल के अलावा नवनियुक्त अग्रवाल नवयुवक समिती के एक दर्जन से भी अधिक सदस्य मौजुद थे।

सभी ने कैम्पैन के लक्ष्य एवं महत्व को ध्यान मे रखते हुये वार्ड क्रमांक 4 में अग्रसेन भवन के आस-पास झाडू लगा साफ-सफाई की,साथ ही अव्यवस्थित ढंग से पड़े कचरे को डस्टबीन एवं नगर पंचायत की वाहन में एकत्रित किया।

## नगर सरकार का सफाई अभियान



**खरसिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के एक दिन पूर्व अर्थात 1 अक्टूबर सुबह 10 बजे से शहरी 2.0 नगरपालिका क्षेत्र अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाडा 1 अक्टूबर 2023 को क्षमदान के तहत नगर सरकार द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश सहिस, पार्षद रिया श्रीवास्तव, हेमा अग्रवाल, शकुंतला राठौर, श्वेता विश्वकर्मा, अनुसुईया मेहर, अमिता राठौर, रेशम गवेल, परदेशी यादव, ज्योति सिदार तथा एल्डरमैन हरिशंकर, जमील कुरैशी, गणेश फोटवानी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

स्वच्छता



## हाउसिंग बोर्ड ईडब्लूएस कॉलोनीवासियों ने सफाई की

**महासमुंद।** महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर आज राष्ट्रीय स्तर का विशेष स्वच्छता अभियान ह्यएक तारीख, एक घंटा, एक साथ सफाई' के तहत हाउसिंग बोर्ड मचेवा ईडब्लूएस कॉलोनीवासियों ने सुबह स्वच्छता अभियान के तहत कॉलोनी सफाई के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बापू को 'स्वच्छांजलि'दी। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने महात्मा गांधी अमर रहे के नारे भी लगाए, इस अवसर पर बच्चे, बुढ़े, जवान सहित महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने सभी को कचरा एकत्र कर कचरा गाड़ी में फेंकने की अपील की। जिससे आस-पास सफाई बनी रहेगी। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में कमलेश कुमार पटेल, अरविंद, मलिकराम यादव, कांति कुमार निषाद, रेख राम साहू, खेलू राम पटेल, डाला राम चंद्राकार, परमानंद साहू, कुलेश्वर पटेल, सागर भोई, दुष्यंत राव घाड़गे सहित महिलाओं में भी श्रीमती आरती तिबुड़े, श्रीमती विनिता पटेल का योगदान रहा।

## व्यवहार न्यायालय में सफाई अभियान चलाया गया



**बीजापुर, 1 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ0ग0) के निर्देशानुसार एवं श्री विजय कुमार होता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जिला एवं सत्र न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में श्री ताजुद्दीन आसिफ, अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर / मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर (छ0ग0) द्वारा 25 सितंबर सेसे 02 अक्टूबर 2023 तक राष्ट्रीय अभियान ÷स्वच्छता ही सेवा 2023 कार्यक्रम के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय बीजापुर मे आज 30 सितंबर को प्रातः के समय सफाई अभियान का आयोजन किया गया है।राष्ट्रीय अभियान स्वच्छता ही सेवा 2023 ( सास्-2023) ÷ कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण, अधिवक्ता संघ के सदस्य श्री सलीम पाशा, श्री एस. एकटी अधिवक्ता, श्री डी. सूर्यनारायण अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में कोतवाली बीजापुर के निरीक्षक सुरेन्द्र यादव, थाने के पुलिस कर्मचारी तथा नगर पालिका बीजापुर के कर्मचारियों ने स्वेच्छा से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोगों ने न्यायालय परिसर में साफ-सफाई की और खरपतवार को साफ किया। न्यायाधीश द्वारा आम जनता से स्वच्छता बनाये रखने के लिए अपने आस-पास में निरंतर साफ सफाई करते रहने की अपील की, साथ ही व्यक्त किया कि महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता सप्ताह साफ-सफाई के लिए सभी को प्रेरित करना है, क्योंकि महात्मा गांधी स्वयं स्वच्छता प्रेमी थे और वह अपने शौचालय की सफाई स्वयं किया करते थे।

# मुख्यमंत्री ने जारी की बेरोजगारी भत्ते की छठी किस्त



रायगढ़, 1 अक्टूबर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने रायपुर निवास कार्यालय से आज बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को राशि अंतरण एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण के वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत युवाओं के खाते में छठवी किस्त की राशि का अंतरण किए। उन्होंने आज प्रदेश के 1 लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार युवाओं के खाते में 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रूपए की राशि अंतरित किया। योजना के तहत अब तक हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता मिल चुका है। जिसमें आज रायगढ़ जिले के 2754 शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता के रूप में 68 लाख 85 हजार रूपये की किस्त राशि भी शामिल है। वर्चुअल कार्यक्रम में रायगढ़ जिले से कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम, जिला स्तरीय अधिकारी, हितग्राही उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राहियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे अपने कौशल को निखारते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छः माह पहले जब ये योजना शुरू हुई थी तो कई लोगों के मन में शंकाएं थीं। हालांकि बेरोजगारी भत्ता योजना सफलतापूर्वक लागू हुई और आनलाइन माध्यम से बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंच रही है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले में 31 अगस्त तक की स्थिति में कुल 2 करोड़ 47 लाख 34 हजार 500 रुपये की राशि हितग्राहियों के खाते में राशि जारी की गई है। इस तरह कुल 3 करोड़ 16 लाख 19 हजार 500 की राशि जिले के 2754 शिक्षित बेरोजगारों को जारी की गई हैं। इसके साथ ही बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राहियों को लाइवलीवुड कॉलेज जैसे विभिन्न संस्थान के माध्यम से स्वरोजगार मूलक विभिन्न प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिससे वे स्वरोजगार प्राप्त कर सके। रायगढ़ निवासी नेहा श्रीवास्तव ने बताया की ग्रेजुएशन पूर्ण कर चुकी है, उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है, इसके साथ लाइलीवुड कॉलेज में रिटेल असिटेंट का कोर्स कर रही, ताकि आगे रोजगार में आसानी हो। रायगढ़ बाझिनपाली निवासी धनश्री चौहान ने बताया की बेरोजगारी भत्ता से उन्हे काफी सहयोग मिल हैं, जिससे वो आगे की पढ़ाई कर पा रही है इसके साथ ही उन्होंने लाइवलीवुड कॉलेज में सिलाई मशीन ऑपरेटर का कोर्स कर रही ताकि स्वरोजगार मिल सके।

# गुड टच,बेड टच एवं सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न प्रावधानों की दी जानकारी



**बीजापुर, 1 अक्टूबर।** विजय कुमार होता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा, जिला- द0ब0दंतेवाड़ा (छ0ग0) के निर्देशानुसार श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर / अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर, जिला- बीजापुर (छ0ग0) द्वारा दिनांक 28 सितंबर को नवोदय विद्यालय बीजापुर, में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर द्वारा नवोदय विद्यालय बीजापुर के छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा से संबंधित अधिकारो से अवगत कराया गया। छात्र -छात्राओं को विधिक अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये घरेलू हिंसा एवं लैंगिक अपराधों से सतर्क रहने एवं आपराधिक घटनाओं के संबंध में जागरूक होने हेतु बताया गया। विशेषतः नवोदय विद्यालय के शिक्षको को वर्तमान में बढ़ रहे बालकों केविरूद्ध लैंगिक संबंधित गंभीर अपराधों से अवगत कराया गया तथा छात्र छात्राओ को गुड टच एवं बैड टच में अंतर को समझना तथा किसी भी प्रताड़ना के संबंध में अपने शिक्षको एवं अभिभावकगण अविलम्ब अवगत कराना तथा उन्हे सुरक्षा हेतु सुप्रीम कोर्ट के प्रावधान के तहत् विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क पैरवी करने हेतु वकील की सुविधा के बारे में बताया गया और सामाजिक कुरीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। श्री आसिफ,ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नो का जवाब देते हुये उन्हे भविष्य में कठिन परिश्रम करते हुये अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु मार्ग-दर्शन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर विधिक साक्षरता एवं अधिकारो से संबंधित जानकारी प्राप्त किए।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों को संवेदनशील व जागरूक बनाने की पहल



**बीजापुर, 1 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला बाल विकास, यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के तकनीकी सहयोग से संवेदनशील पालकत्व परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए श्वष्टष्श्व (प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा ) पर क्षमता वर्धन करना और पालकों की संवेदनशील की समझ विकसित करना हैं7 इसी परिप्रेक्ष्य में महिला बाल विकास विभाग बीजापुर द्वारा सभी 1146 कार्यकर्ताओ का संवेदनशील पालकत्व परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम का प्रशिक्षण जिला बीजापुर में विभिन्न जगह पर परियोजना स्तर पर किया गया 7समापन के अवसर पर परियोजना अधिकारी श्री बालेंदु देवांगन ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की हम प्रशिक्षण में अपनी सक्रियता से सहभागिता का परिणाम क्षेत्र में दिखेंगे 7 यह प्रशिक्षण पालकों को अपने बच्चों के पालन पोषण और उनकी देखभाल में बहुत मददगार साबित होने वाला हैं7 माता –पिता बच्चें के पहले शिक्षक होते हैं7 संवेदनशील पालकत्व सिखाता कि माता पिता व परिवार के सभी सदस्यों को विशेषकर शुरुआती कुछ वर्षो में बच्चे के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की जरुरत हैं। जिला समन्वयक ( विक्रमशिला ) जगत मल्होत्रा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओ द्वारा प्रत्येक माह में 2 पालक बैठक किया जाना हैं7 पालकों की भूमिका परवरिश के चैम्पियन वर्णमाला के 48 अक्षरों से बने जैसे से कहानी , ख से खेल , ग से गोदी और घ से घर का काम के बारे में चर्चा किया गया ।

समाचार संक्षेप

## 229 बटालियन ने नगरवासियों के साथ चलाया विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**बीजापुर, 1 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन के बीजापुर बस स्टैण्ड के निकट साप्ताहिक बाजार में दिनांक 29/09/2023 को प्रातः 8 बजे श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेट 229 बटालियन की अध्यक्षता में विशेष स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें सामान्य नागरिकों के साथ-साथ नगर पालिका परिषद बीजापुर के अध्यक्ष, पार्षदगण, कार्मिकों ने तथा 229 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों ने स्वच्छता श्रमदान में भाग लिया। इसके अतिरिक्त विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अवसर पर मुख्यालय 229 बटालियन में भी श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट के साथ-साथ सभी राजपत्रित अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवानों द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेट 229 बटालियन द्वारा सभी जवानों को स्वच्छता की महत्ता के बारे में बताया गया तथा उनके दैनिक कार्यो में कुछ घण्टे निकालकर स्वच्छता संबंधी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## बेरोजगारी भत्ते की छठवी किस्त जारी



**बीजापुर, 1 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने रायपुर निवास कार्यालय से आज वर्चुअली कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत युवाओं के खाते में छठवी किस्त की राशि का अंतरण किया। उन्होने आज प्रदेश के 1 लाख 35 हजार 104 बेरोजगार युवाओ के खाते में 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रूपए की राशि अंतरित किया। योजना से अब तक हितग्राहियों को कुल 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता मिल चुका है। मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले के 486 हितग्राहियों के खाते में 12 लाख 15 हजार रुपए की राशि अंतरित किया। बेरोजगारी भत्ता की राशि मिलने युवाओं के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला जिले के युवाओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना बेरोजगारी भत्ता के साथ ही हमें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए भी तैयार कर रही है जिससे हम आर्थिक रूप में सशक्त हो सकेंगे ज्ञात हो कि कौशल विकास विभाग अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को विभिन्न रोजगारमूलक प्रशिक्षण भी प्रदाय कराया जा रहा है।जिले के 30 चयनित सहायक शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र कार्यक्रम के दौरान जिले के चयनित 30 सहायक शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल नियुक्ति पत्र प्रदान किया ।जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल ने बताया 62 सहायक शिक्षकों का जिले के लिए चयन हुआ है जिसमें से आज 30 लोगों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया है इसी तरह कुल 12 व्याख्याता,30 शिक्षक एवं 218 सहायक शिक्षकों का चयन बीजापुर जिले के लिए हुआ है।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल एवं जिला रोजगार अधिकारी श्री ह्रषिकेश सिदार सहित बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही युवक-युवती एवं चयनित सहायक शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## विधायक विक्रम मंडावी ने भैरमगढ़ में किया सामाजिक भवनों का लोकार्पण



**बीजापुर, 1 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शनिवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने ब्लॉक मुख्यालय भैरमगढ़ में धाकड़ समाज, कलार समाज और यादव समाज के सामाजिक भवनों का लोकार्पण किया है। अब नये भवनों में धाकड़ समाज, कलार समाज और यादव समाज के लोग अपने समाज की गतिविधियों को संचालन सुचारू रूप से कर सकेंगे। समाज के लोग लंबे समय से सामाजिक भवनों की माँग कर रहे थे। इन भवनों को दस-दस लाख रुपयों की लागत से निर्माण किया गया है। इस अवसर पर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ÷प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सोच के अनुसार प्रत्येक समाज के लिए समाज का अपना सर्वसुविधा युक्त सामाजिक भवन दिया जा रहा है जिससे कि वे अपने सामाजिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से कर सके इसी सोच के अनुसार जिले के सभी समाज के लोगों के लिए सामाजिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है।÷ लोकार्पण के अवसर पर धाकड़ समाज, कलार समाज और यादव समाज के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक विक्रम मंडावी का आभार जताया है। इस दौरान ज़िला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप, मंडी उपाध्यक्ष व धाकड समाज के अध्यक्ष नकुल ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, महामंत्री सुखदेव नाग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लच्छु मोडियाम, मनधर नाग, जगदेव यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## विधायक कप-2023 जिला स्तरीय बालीबाल व कबड्डी 3 से

**बीजापुर, 1 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी द्वारा 03 सितंबर से जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला स्तरीय बालीबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम बीजापुर मॉर्निंग क्लब द्वारा किया जा रहा है,जिसमे बीजापुर जिले के ग्राम व पंचायत स्तर की टीमो को भाग लेने का मौका मिलेगा,सभी पंचायत व ग्राम की टीमो का पंजीयन 01/10/2023 तक किया जायेगा।इस विधायक कप प्रतियोगिता में बालीबाल व कबड्डी दोनों ही खेल में प्रथम पुरस्कार 51हजार एक रुपये,दिव्तीय पुरुस्कार 31हजार एक रुपये,तृतीय पुरुस्कार 21हजार एक रुपये,व चौथा पुरुस्कार 11हजार एक रुपये,क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी द्वारा प्रदान किया जायेगा।क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी खुद भी एक खेल प्रेमी है,वो लगातार युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करते रहते है03/10/2023 से शुरू होने वाले विधायक कप 2023 बालीबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिये व दोनों प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये स्थानीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी ने पूरे जिले की जनता को आमंत्रित किया है।

# रवेली में राजकीय सम्मान के साथ आरक्षक राजेश का किया गया अंतिम संस्कार

- पिता ने कहा-उन्हें गर्व है कि बेटा देश के लिये शहीद हुआ
- पुलिस ने हवाई फायरिंग कर दिया गार्ड आफ आनर




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 1 अक्टूबर।** झारखंड में आईडी ब्लास्ट में शहीद सीआरपीएफ आरक्षक शहीद राजेश ध्रुव का पार्थिव शरीर शनिवार छुरा पहुंचा। इस मौके पर नगर के हृदय स्थल स्वर्ण जयंती चौक में नगरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने राजेश ध्रुव की शहादत को नमन करते हुए राजेश ध्रुव अमर रहे के नारे लगाए।बता दें कि बुधवार को झारखंड के पश्चिम सिंह भूम जिला में हुए आईडी बम ब्लास्ट में छुरा विकासखंड के ग्राम रवेली के रहने वाले सीआरपीएफ जवान राजेश ध्रुव शहीद हो गए।राजेश कोबरा बटालियन में आरक्षक थे।शनिवार को उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम रवेली लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ कोबरा बटालियन के डीआईजी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, संयुक्त कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीओपी गरियाबंद पुष्पेन्द्र नायक, एसडीएम भूपेंद्र साहू सहित सीआरपीएफकर्मी भी रवेली पहुंचे थे।शनिवार को नगर के लोगों को जैसे ही राजेश के पार्थिव शव के आने की सूचना मिली लोग बड़ी में संख्या में स्वर्ण जयंती चौक में एकजुट हो कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शहीद राजेश ध्रुव के गृह ग्राम रवेली में राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार:** गरियाबंद के वीर सपूत राजेश ध्रुव का आज उनके गृह ग्राम रवेली में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया पुलिस ने हवाई फायरिंग कर उन्हे 'गार्ड ऑफ ऑनर दिया।ज्ञात हो कि छुरा विकासखंड के ग्राम रवेली के रहने वाले राजेश ध्रुव बुधवार को झारखंड में हुए एक आईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए। झारखंड में सीआरपीएफके कोबरा बटालियन में आरक्षक के रूप में पदस्थ थे।आज दोपहर ही उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम रवेली पहुंचा। परिजनों और ग्रामीणों के दर्शन के बाद यही से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उनके अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।शहीद राजेश के पिता ने दी मुखाग्नि। गगनचुंबी जयकारे गूंजते रहे।इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनसैलाब ने नम आँखो से शाहिद जवान राजेश ध्रुव को श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम के दौरान पूरा महोल गमगीन रहा वीर सपूत राजेश की परिजनों और उसकी बिलखती मां के आशुओं को देख कर उपस्थित जन समूह की आँखे भी भीग आई इस दौरान लोगो ने राजेश ध्रुव अमर रहे भारत माता की जय, जय हिन्द के गगनभेदी नारे भी लगाये।इसके पहले गरियाबंद पहुंचते ही शाहिद जवान राजेश ध्रुव को जगह जगह श्रद्धांजलि दी गई राजिम कोपरा पांडुका गरियाबंद के अलावा विकासखंड मुख्यालय छुरा में भी बड़ी संख्या में लोग शाहिद जवान के पार्थिव शरीर के दर्शन और उन्हें श्रद्धांजलि देने एकजुट हुए थे।जानकारी के मुताबिक़ आज सुबह क़रीब 9 बजे विशेष विमान से शाहिद राजेश ध्रुव का पार्थिव शरीर रायपुर पहुंचा जहां से एसडीएम भूपेन्द्र साहू डीआईजी सीआरपीएफ़ एवं ज़िला पुलिस बल के अगुवाई में शहीद जवान एक पार्थिव शरीर एयरपोर्ट रायपुर से गृह ग्राम रवेली के लिए रवाना हुआ था काफ़िले में पुलिस और सीआरपीएफ़ के टीम भी मौजूद रही पार्थिव शरीर को साज-सज्जा के साथ अलग से पार्थिव शरीर को रखा गया था।जगह-जगह लोगो ने पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा भी की।इस अवसर पर शहीद जवान राजेश की शहादत को नमन करने ग्राम रवेली सहित जिलेभर के जनप्रतिनिधि गण स्थानीय प्रशासन के आला अफ़सरों के अलावा बड़ी संख्या में आप-पास क्षेत्र के लोग स्वयं ही शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने गृहग्राम रवेली पहुंचे थे।

**श्रद्धांजलि देने पूरा नगर उमड़ पड़ा जन सैलाब:** शहीद जवान राजेश ध्रुव के श्रद्धांजलि देने के लिए पुरा छुरा नगर उमड़ पड़ा जैसे ही पता चला कि उनका पार्थिव शरीर गरियाबंद से आ रहा है रास्ते पर पड़ने वाले गांव में लोगों ने उन्हें आरती उतार कर पुष्पांजलि अर्पित की, छुरा के नगर के नागरिकों ने स्वर्ण जयंती चौक में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और राजेश ध्रुव अमर रहे के नारों से नगर गूंज उठा, इसमें नगर के सभी वर्ग के लोगों ने श्रद्धांजलि में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सड़क के दोनों किनारे लोगों के भीड़ लगी रहे, स्वर्ण जयंती चौक से होते हुए गाड़ियों का काफिला बजरंग चौक पहुंचा जहां पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए स्थानीय लोगों ने मंच बनाकर श्रद्धांजलि प्रदान किया और भारत माता की जय के नगरों से गूंज उठा, नगर में श्रद्धांजलि देने के लिये पूरे सड़क लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिसे महिला, पुरुष युवा लोग अधिक संख्या में उपस्थित है, गाड़ियों का काफिला काफी लंबा था उसके अलावा स्थानीय युवाओं ने मोटरसाइकिल से रैली के माध्यम से आगे-आगे भारत माता की जय और शहीद राजेश ध्रुव अमर रहे, पूरा माहौल देश भक्ति मय हो गया और सड़क के दोनों और मोटरसाइकिल बड़ी गाड़ियों का काफिला खड़े होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी, इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय नेताम, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, तेल घानी बोर्ड के सदस्य शैलेंद्र साहू, सांसद प्रतिनिधि टीकम चंद साहू, अब्दुल समद खान, साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, इस्माईल खान, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक छत्तर सिंह ठाकुर, राजेश साहू, नथमल शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, रमेश शर्मा, अशोक दीक्षित, सलीम मेमन, शैलेंद्र दीक्षित, भोलेशंकर जायसवाल, राजू साहू, अशोक माधवानी, मानसिंह निषाद, उज्जवल जैन, गोपाल सोनी, लक्की मेमन, शीतल ध्रुव, पुनीत ठाकुर, रोशन देवांगन सहित हजारों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## एक नजर

### स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान



**तिल्दा-नेवरा, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, स्वच्छता है जहां, निरोगी है वहां, इन सब उद्देश्यों को लेकर डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी के मार्गदर्शन में ररूहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 01 के छात्रों द्वारा स्वच्छता एवं श्रमदान का कार्य अपने प्राचार्य चंदानी सर एवं हेड मास्टर विनोद वर्मा के साथ स्कूली छात्र लक्ष्मण, मुकेश, हर्ष, डेविड, लोकेश शिवम, भैरव, गिरधारी, समीर, खिलेश, यश कुमार व गौरव राणेकर द्वारा शाला प्रांगण, बोरिंग, विद्युत सब स्टेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं रेलवे स्टेशन परिसर का साफ सफ़ाई कर श्रमदान किया गया। तत्पश्चात सायकल स्टैंड के प्रमुख किट्टू राव द्वारा प्रत्येक बच्चों को चाय एवं नाश्ता कराया गया जिसे सभी बच्चों व हेडमास्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता का समापन



**सिमगा, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सिमगा के तत्वावधान में दिनांक 29 सितम्बर को विकास खंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा में सम्पन्न हुआ इस प्रतियोगिता में विकास खंड सिमगा के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संकुल केन्द्र से चयनित हुए बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा शिक्षकों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भास्कर साहू भुवनेश्वर वर्मा मती रीतू वर्मा संतोष कुमार जोशी निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी संकुल समन्वयक का सहयोग प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ डी एस ठाकुर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सिमगा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन सहसराम पाटकर विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सिमगा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।

### मुख्यमंत्री मितान योजना से अब तक 360 लोगों को मिले घर बैठे प्रमाणपत्र

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री मितान योजना से लोगों को घर बैठे प्रमाणपत्र मिल जाने से दफ्तरों के चक्कर नही लगाना पड़ रहा है। जिले के नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं भाटापारा अंतर्गत निवासरत अब तक 360 लोगों ने इस योजना के तहत विभिन्न प्रमाण पत्र घर बैठे प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत सर्विस डिलीवरी को मजबूत करते हुए लोगों को घर बैठे प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करके जाति, निवास, जन्म, मृत्यु विवाह आदि 13 प्रकार के दस्तावेज घर बैठे बनवाये जा सकते है। इस टॉल फ्री नंबर पर कॉल कर मितान से अपॉइंट लेकर जरूरी दस्तावेज एवं आवश्यक शुल्क देना होगा।

### कानफोड़ू डीजे पर होगी सख्त कर्रवाई कलेक्टर- एसपी ने दिए निर्देश

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने आज प्रशासन के अधिकारियों को कानफोड़ू डीजे पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित डीजे संबंधी निर्देश का सख्ती से पालन करने कहा गया है। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को इसके लिए अलग से निर्देश जारी कर दिया गया है।

# आबकारी आयुक्त और सुपरवाइजरों के बीच छिड़ी जंग, एक-दूसरे पर लगा रहे हैं आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 1 अक्टूबर।** सहायक आयुक्त आबकारी विकास कुमार गोस्वामी एवं देशी विदेशी मंदिरा दुकानो के सुपरवाईजरों के बीच छिड़ी जंग। एक तरफ अधिकारी ने लंबे समय से एक ही स्थान पर जमें एवं जीन जीन सुपरवाईजरों के खिलाफ न्यायालय में चल रहे प्रकरण वालों का स्थानांतरण कर दिया है। वहीं सुपरवाईजरों ने अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाया है।

सिमगा के शासकीय देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान के सुपरवाइजर धनेश्वर मिली ने बताया कि सहायक आयुक्त आबकारी विकास कुमार गोस्वामी द्वारा आगामी चुनाव में फंडिग हेतु सभी दुकान के सुपरवाईजरो से प्रति माह दो से तीन लाख रू .की मांग की गई है। इसके लिए कोई भी गलत कार्य जैसे (ओवर रेटिंग एवं कोचिंया बनाकर अधिक मात्रा मे मदिरा देना या मदिरा में पानी मिलावट कर मदिरा विक्रय करना) कर फंडिंग को पूरा करना है। जो इस आदेश का पालन नहीं करेगा उसका स्थानांतरण या कार्यमुक्त कर ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा या किसी झूठे आरोप में जेल दाखिल करा दिया जायेगा। जिससे हम सभी सुपरवाइज़र डरे और सहमे हुए थे।

इस फंडिंग की शिकायत हम सभी सुपरवाइज़रो द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गृहमंत्री आबकारी मंत्री आबकारी आयुक्त कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को दिया गया था जिसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मिरी ने बताया कि इसकी जानकारी सहायक आबकारी आयुक्त गोस्वामी को होने पर उनके द्वारा हम सभी सुपरवाइज़र को प्रताड़ित करते हुए अधिक पैसों की मांग की जा रही है पैसा नहीं देने पर मौखिक रूप से स्थानांतरण एवं एवं कार्यमुक्त कर ब्लैकलिस्ट करने की धमकी दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत कल 29 सितंबर को हम सभी सुपरवाइज़र द्वारा कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा से किया गया। जिसमें हमारी मांग है कि एक सप्ताह के भीतर कोई उचित कार्यवाही नहीं होने पर हम सभी सुपरवाइज़र एवं समस्त दुकान कर्मचारियों द्वारा इस प्रताड़ना से मजबूर होकर दुकानों को बंद कर जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ पुतला दहन कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं इस मामले पर सहायक आयुक्त आबकारी विकास कुमार गोस्वामी का कहना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमें एवं जीन जीन सुपरवाईजरों के खिलाफ विभिन्न मामलों में न्यायालय में चल रहे प्रकरण को ध्यान में रखते हुए इन लोगों का स्थानांतरण किया गया है। मेरे द्वारा की गयी कार्यवाही से खिझ कर इन लोगों द्वारा समूह बनाकर मुझ पर झुठा आरोप लगाया जा रहा है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 1 अक्टूबर।** गणेश भगवान की भव्य झांकी निकालकर सेमरिया घाट शिवनाथ नदी मे विसर्जन किया गया। दस दिनो तक पंडालो मे विराजित गणेश भगवान की श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की गई शनिवार रात नेहरू वार्ड के तीन पंडालो पर विराजित किये गये भगवान गणेश की विसर्जन झांकी एक साथ निकाली गई ढोल बाजे के साथ निकली झांकी नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए सेमरिया घाट शिवनाथ नदी पहुंची जहां मौजूद भक्तो गणपति बप्पा मोरया और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे के साथ श्रद्धा भक्ति के साथ गणपति बप्पा को बिदाई दी गई। इस दौरान बडी संख्या मे लोग मौजूद रहे।



# 50 पाव देशी मसाला शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर।** बलौदाबाजार पुलिस ने अवैध बिक्री के लिए शराब ले जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 30 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी श्रवण देवार पिता फागू देवार उम्र 34 साल साकिन करमदा जिला ब बा भाटा0 के पास से भारी मात्रा में शराब बिक्री करने हेतु ले जा रहा है की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे तथा आरोपी से किमती 5500 एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कुटी सीजी-22-एबी-4603 पुरानी इस्तेमाली किमती 10000 को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# तिल्दा-नेवरा में 1008 पोथी का प्रयाण शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 1 अक्टूबर।** प्रातः काल विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ श्रीमद् भागवत गीता का आयोजन महाप्रयाण से 1008 पोथी यजमान ने पूजा अर्चना कर पोती की शुरुआत की प्रातः 7:00 बजे अमित चावल उद्योग नेवरा में वृंदावन से आए सैकड़ो की संख्या में पंडितों द्वारा सामूहिक संस्कृत में मंगल चरण के साथ श्रीमद् भागवत महाप्रयाण शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर तिल्दा नेवरा रायपुर बिलासपुर राजनांदगांव दुर्ग बेमेतरा भाटापारा खरोरा सिंगा बेमेतरा सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से पहुंचे यजमान अपने-अपने पोती के समक्ष पंडितों के समक्ष बैठकर के पूजा अर्चना की शुरुआत की और यह है।

1 से 7 अक्टूबर तक पूजा अर्चना स से 9:00 बजे तक एवं कथा वाचन दोपहर 2:00 बजे से 6:00 बजे तक होगा। इंदौर से आए कलाकारों की गीत संगीत ने यात्रा में भव्यता भरा वही विशेष झाकी देखने भिड़ उमड़ी। मुख्य कथा व्यास ललित वल्लभाचार्य नागार्च रथ पर सवार होकर कथा पंडाल पहुंचे हजारों की संख्या में श्रद्धालु राधे राधे की जयघोष के साथ थिरकते कलस यात्रा को सफ्ल बनाएं। बता दे कि अमित चावल उद्योग नीनवा वाले वा तिल्दा नेवरा नगर वासियों के सहयोग भारत देश में 7 और छत्तीसगढ़ राज्य में दूसरे बार यह आयोजन हो रहा है।



### डीजे धूमाल संचालकों के लिए निर्देश जारी

**बलौदाबाजार, 1 अक्टूबर।** रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर पाबंदी रहेगी। सार्वजनिक स्थान या निजी स्थान पर 60 डेसिबल से अधिक का ध्वनि नहीं होगा। सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर ही डीजे या धुमाल का संचालन करें। मालवाहक वाहनों में डीजे धुमाल को वाहन के बॉडी से बाहर बिल्कुल भी ना निकाले। डीजे धुमाल लगे वाहनों में चमकीली लाइटें, जिससे आंखें प्रभावित हो, या देखने में किसी प्रकार से परेशानी हो, ऐसा लाइट ना लगाएं। इन समस्त नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर ?20, 000/- तक का जुर्माना का प्रावधान है। साइलेंट जोन में डीजे धुमाल बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जैसे कि स्कूल, अस्पताल, कोर्ट परिसर, वृद्ध आश्रम वाले हिस्सों को साइलेंट जोन में रखा गया है। ऐसे गाने कदापि न बजाएं जिससे, धार्मिक माहौल खराब हो। डीजे बजाने वाले अथवा उसे संचालित करने वाले लड़के, अनिवार्य रूप से आई-कार्ड धारण करें।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092100053**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन् :-2022-2023
बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ 557/1 (0.5510 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अनिता साहू,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति अनिता साहू पति स्व. अघ्वनी साहू निवासी भीमनगर वार्ड नं. 09 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा नीजि आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 557/1 रकबा 1.36 एकड़ बधियाटोला में भूमि स्थित है। आवेदिका की भूमि से लगा भूमि ख. नं. 557/2 रकबा 0.19 डिसमिल भूमि को अतिरिक्त खसरा बनाया गया है, जबकि भूमि पर कोई नहर नाली नहीं है, और न ही इस खसरा पर कोई भूमि है। अतः खसरा नं. 557/1 रकबा 1.36 एकड़ को यथावत रखते हुये नक्षा सुधार किया जाए एवं 557/2 रकबा 0.19 डिस. को विलोपित किया जाकर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.10.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार डोंगरगढ़


## समस्त दुर्गा समितियों, नगरवासियों ने कसडोल में कार्यक्रम नहीं करने का निर्णय लिया

# नवरात्रि में गरबा के आयोजन पर कसडोल में रोक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 1 अक्टूबर।** बीते दिवस कसडोल नगर के समस्त दुर्गा उत्सव समितियों के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर के सभी दुर्गा समिति के अध्यक्ष और सदस्य शामिल होकर आगामी नवरात्रि ( 15 अक्टूबर ) में कसडोल नगर में होने वाले गरबा कार्यक्रम का विरोध किया है। साथ ही प्रस्ताव पारित कर नगर में आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रम को पूर्ण रूपेण बंद करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। पिछले कई वर्षों से कसडोल नगर का माहौल खराब हुआ है। नवयुवक, नवयुवती के मध्य एक नए कल्चर का प्रभाव पड़ा है जिससे समाज और बच्चों के संस्कार खराब हो रहे हैं। जिसका परिणाम यह है कि गरबा कार्यक्रम के लिए स्वजनों को परेशान और भविष्य में शर्मिंदा होना पड़ता है!

**5 दिन फूहड़ और अश्लील गीतों से शांति होती है भंग:** दुर्गा पंडालों में देवी उपासना के नाम पर अश्लील गीतों को बजाया



जाता है, इसके साथ ही दुर्गा पंडाल में लोगों का आना-जाना नहीं हो पाता है ना ही दुर्गा पंडालों में नवरात्रि के समय रौनक होती है। नवरात्रि में देवी उपासना को भी लोग गरबा के चक्कर में नजर अंदाज करने लगते हैं। गरबा कार्यक्रम के पश्चात युवक- युवतियों के गलत कार्यों में शामिल होने तथा घरों में भी माहौल खराब करने की शिकायत लगातार पालकों द्वारा कही जाती रही है जो कि चिंता का विषय है। गरबा के प्रैक्टिस के बहाने 15 दिनों तक बुलाना, फिर 5 दिन फूहड़ और अश्लील गानों पर गरबा किया जाता है। इससे कसडोल नगर की शांति भंग होती है। इसी के साथ भारत की गौरवशाली संस्कृति और सभ्यता का भी हास् होते चला आ रहा है।

**संस्कृति सभ्यता के लिए हुए सभी वर्ग एकजुट:** संस्कृति सभ्यता के लिए हुए सभी वर्ग एकजुट, साथ ही गरबा समिति द्वारा पास, एंट्री फीस, कपड़ों सहित अनेकों प्रकार से रुपए भी युवक - युवतियों से वसूले जाते हैं। इसी कारण पहली बार नगर के सभी दुर्गा समितियां एकजुट हो कर कसडोल नगर की शांति और सुरक्षा सहित संस्कृति व सभ्यता के लिए एकजुट हुए हैं। प्रस्ताव पारित कर गरबा कसडोल नगर में प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है जिसमें कसडोल नगर के समस्त जनप्रतिनिधिओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्कूल प्रशासन सहित विभिन्न संगठनों ने भी सहमति के प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया है। समिति ने नगर के सभी नागरिकों सहित तमाम पालकों से भी समिति के इस प्रस्ताव का समर्थन करने का आग्रह किया है।




# खर्च बचा, समय बचा
# मितान योजना ने कीर्तिमान रचा

# 1,40,000

## सरकारी कागज़ात पहुंचे घर

**14 नगर निगमों, 44 नगर पालिकाओं और 2 नगर पंचायतों में संचालित है योजना**



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**टोल फ्री नंबर**
**14545 पर करें कॉल**

**छत्तीसगढ़ सरकार, भरोसे की सरकार**

DPRChhattisgarh

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./38726/2

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23